कोटद्वार, रविवार
5 मई 2024
वर्ष: 46
अंक: 16 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00
RNI-35469/79

जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

एक नजर

लोकसभा चुनाव के बीच कांग्रेस को बड़ा झटका, अरविंदर सिंह लवली समेत कई नेता बीजेपी में शामिल

नई दिल्ली। लोकसभा चुनावों के बीच राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। दिल्ली कांग्रेस के अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने वाले अरविंदर सिंह लवली अब भाजपा में शामिल हो गए हैं। वह आम आदमी पार्टी से गठबंधन को लेकर नाराज चल रहे थे। अरविंदर सिंह लवली के साथ कांग्रेस के कई अन्य नेताओं ने भी भाजपा का दामन थाम लिया है। इनमें राजकुमार चौहान, नसीब सिंह, नीरज बसोया और अमित मलिक शामिल हैं।अरविंदर सिंह लवली शीला दीक्षित की सरकार में मंत्री रह चुके हैं। उनको पिछले साल अगस्त में दिल्ली कांग्रेस के प्रमुख के पद पर नियुक्त किया गया था।

केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, भाजपा महासचिव विनोद तावड़े और दिल्ली भाजपा प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा की मौजूदगी में अरविंदर सिंह लवली भाजपा में शामिल हुए। लवली के साथ पूर्व कांग्रेस विधायक राज कुमार चौहान, नसीब सिंह और नीरज बसोया और पूर्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष अमित मलिक भी भाजपा में शामिल हुए। यह घटनाक्रम ऐसे वक्त में सामने आया है जब दिल्ली की सभी सात लोकसभा सीटों पर छठे चरण के दौरान 25 मई को मतदान होना है।हाल ही में लवली ने दिल्ली इकाई के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। इसकी एक वजह आप से गठबंधन का होना भी है। अरविंदर सिंह लवली ने पद छोड़ने के बाद अपने बयान में कहा था कि कांग्रेस की दिल्ली इकाई गठबंधन के खिलाफ थी और पार्टी आलाकमान ने राष्ट्रीय राजधानी के नेताओं की बात नहीं सुनी और आप से गठबंधन को मंजूरी प्रदान कर दी। उन्होंने कांग्रेस की दिल्ली यूनिट में चल रही खींचतान के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के दिल्ली प्रभारी दीपक बाबरिया का भी नाम लिया था।

बंगाल को बदनाम करने की भाजपा की साजिश : टीएमसी

कोलकाता। कथित वीडियो में, संदेशखालि में भाजपा मंडल अध्यक्ष होने का दावा करने वाले एक व्यक्ति को यह कहते हुए सुना गया कि पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता 'सुवेंदु अधिकारी पूरी साजिश के पीछे हैं।व्यक्ति ने वीडियो में आरोप लगाया कि अधिकारी ने उससे और क्षेत्र के अन्य भाजपा नेताओं से 'तीन–चार स्थानीय महिलाओं को शाहजहां शेख सहित तीन टीएमसी नेताओं के खिलाफ बलात्कार के आरोप लगाने के लिए उकसाया था। अपुष्ट वीडियो में स्थानीय भाजपा नेता को यह कहते हुए भी सुना गया कि नंदीग्राम से विधायक 'अधिकारी ने खुद संदेशखालि में एक घर में बंदूकें रखी थीं, जिसे बाद में केंद्रीय एजेंसियों द्वारा जब्ती के रूप में दिखाया गया।एक्स पर 'संदेशखालि पर बड़ा खुलासा शीर्षक से एक पोस्ट में सत्तारूढ़ टीएमसी ने कहा, अधिकारी ने 'बंगाल और संदेशखालि को बदनाम करने के लिए स्थानीय लोगों को पैसे देकर सामूहिक बलात्कार की झूठी कहानी बनाई। पार्टी ने यह भी आरोप लगाया कि 'वायरल वीडियो से पता चलता है कि कैसे भाजपा ने बंगाल को बदनाम करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। सामूहिक बलात्कार से लेकर हथियार जब्ती तक का हर दावा किसी और ने नहीं बल्कि सुवेंदू अधिकारी द्वारा किया गया।

मोदी शहंशाह, जनता से कट गए हैं : प्रियंका

लखानी (गुजरात)। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने अपने भाई राहुल गांधी के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शहजादा तंज पर शनिवार को पलटवार किया। उन्होंने मोदी को शहंशाह बताते हुए कहा कि वह महल में रहते हैं, लेकिन जनता से कटे हुए हैं। गुजरात के बनासकांठा लोकसभा क्षेत्र के लखानी में एक रैली में प्रियंका ने कहा कि मोदी मेरे भाई को शहजादा कहते हैं।

मैं उन्हें बताना चाहती हूं कि यह शहजादा लोगों की समस्याएं सुनने के लिए कन्याकुमारी से कश्मीर तक 4,000 किलोमीटर तक चला। किसानों व मजदूरों से मिले और उनसे पूछा कि उनकी समस्याओं का कैसे समाधान कर सकते हैं। प्रधानमंत्री ने गुरुवार को गुजरात की एक रैली में राहुल पर निशाना साधा था।

वनाग्नि को लेकर अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाय:धामी

जयन्त प्रतिनिधि।

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को नई दिल्ली स्थित उत्तराखंड सदन से प्रदेश में वनाग्नि, पेयजल समस्या, आगामी चारधाम यात्रा, विद्युत आपूर्ति आदि महत्वपूर्ण विषयों पर राज्य शासन के आलाधिकारियों व सभी जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से बैठक कर दिशा-निर्देश जारी किए।मुख्यमंत्री ने प्रदेश में वनाग्नि को लेकर कहा कि हमारे सामने वनाग्नि बड़ी चुनौती के रूप में उभरी है। उन्होंने मुख्य सचिव को निर्देशित किया कि इस मामले में ऊपर से नीचे तक अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यालय स्तर पर तैनात सभी अधिकारियों को प्रभागों की जिम्मेदारी बांटी जाए और इन सभी से नियमित रिपोर्ट ली जाए। कहा कि वनाग्नि रोकने के कार्य में जिलाधिकारी भी वन विभाग का पूर्ण सहयोग करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो फायर वॉचर्स फील्ड में कार्यरत हैं उनकी भी सुरक्षा के उपाय किये जायें और इसके लिए उनके हेतु बीमा आदि विकल्पों पर विचार किया जाए। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि डीएफओ और उनसे उच्च स्तर के अधिकारी मौके पर जरूर जाएं। उन्होंने कहा कि कार्यालय में बैठकर आग पर काबू नहीं पाया जा सकता। इसके लिए जो भी कड़ी कार्रवाई की जानी है वह की जाए। जिलाधिकारियों को भी निर्देश दिए कि वे परिस्थितियों के हिसाब से निर्णय लें। मुख्य सचिव ने मुख्यमंत्री को आश्वस्त किया कि वनाग्नि के मामले में एक सप्ताह में सकारात्मक परिणाम नजर आएंगे। नवनियुक्त हॉफ के द्वारा मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि अब तक वनाग्नि के प्रकरणों में कुल 350 केस दर्ज किए जा चुके हैं जिनमें 60 नामजद मुकदमे दर्ज किए गए। उन्होंने कहा कि जहां कहीं से भी घटना की सूचना मिल रही है वहां तत्काल टीमें भेजकर एक से छह घंटों में आग पर काबू पा लिया जा रहा है। मुख्य सचिव ने मुख्यमंत्री को बताया कि पिरूल को लेकर एनटीपीसी के साथ राज्य सरकार का करार हो चुका है और एनटीपीसी ने राज्य से पिरूल लेना शुरू भी कर दिया है। ऐसे में आगामी समय में यह भी आग लगने से बचाव में कारगर साबित होगा।

● मुख्यमंत्री ने वनाग्नि, चारधाम यात्रा, पेयजल व विद्युत आपूर्ति को लेकर की महत्वपूर्ण बैठक

चारधाम यात्रा, चुनौती भी है और परीक्षा भी

देहरादून : मुख्यमंत्री ने चारधाम यात्रा तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि चारधाम यात्रा हमारे लिए चुनौती भी और परीक्षा की घड़ी भी। उन्होंने डीजीपी को निर्देशित किया कि यह सुनिश्चित किया जाए कि मंदिर परिसरों में तैनात सुरक्षाकर्मी श्रद्धालुओं के साथ अच्छा व्यवहार करें और उनकी मदद के लिए तत्काल आगे आएं। उन्होंने कहा कि जो भी श्रद्धालु यहां से जाए वह अपने साथ एक अच्छा संदेश लेकर जाए। कहा कि यात्रा के शुरुआती 15 दिन हमारे लिए बहुत चुनौतीपूर्ण हैं और इस हेतु आवश्यक निर्देश पहले ही जारी किए जा चुके हैं। इन 15 दिनों में वीआईपी का मूवमेंट कम से कम हो। उन्होंने कहा कि चारधाम की हर तरह की सूचना का ज्यादा से ज्यादा प्रचार–प्रसार किया जाए, ताकि यात्रियों को किसी तरह की परेशानियों का सामना न करना पड़े। उन्होंने जिलाधिकारियों से कहा कि यात्रा मार्गों पर साफ–सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी विभाग और अधिकारी ओनरशिप लेकर एक पॉजिटिव भाव के साथ कार्य करें।

पेयजल को लेकर अभी से तैयारियों को पुख्ता बनाएं

देहरादून : बैठक में मुख्यमंत्री को सचिव पेयजल अरविंद सिंह ह्यांकी द्वारा बताया गया कि राज्य में कुल 317 गांव व शहरी क्षेत्रों में 148 मोहल्ले चिन्हित किये गए हैं जहां पेयजल की समस्या है और इन क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति हेतु तमाम विकल्पों के जरिये पेयजल पहुंचाने के प्रयास किए जा रहे है। उन्होंने कहा कि सबसे ज्यादा शिकायतें देहरादून, नैनीताल, पिथौरागढ़, डीडीहाट, कोटद्वार, चम्पावत से प्राप्त हो रही हैं। साथ ही 1 अप्रैल से 30 जून तक समस्त जिलों में कमर्शियल कंस्ट्रक्शन के लिए कनेक्शन देने पर रोक लगाने के साथ ही समस्त डीएम को निर्देशित किया है कि वे वर्कशॉप्स में वाहनों को ड्राई वाश किया जाए यह सुनिश्चित करें। अपर मुख्य सचिव आनंद वर्धन ने बताया कि सभी जिलाधिकारियों को हर जिले में 10–10 छोटे नाले धारे चिन्हित कर इन्हें पुनर्जीवित करने का लक्ष्य दिया गया है। इसी तरह राज्य स्तर पर 10 छोटी नदियों को चिन्हित किया जा रहा है जिन्हें पुनर्जीवित किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि 1 से 7 जून तक भारत सरकार जल संरक्षण अभियान शुरू करने जा रही है, जिसकी राज्य स्तर पर भी तैयारियां गतिमान हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल संरक्षण हमारे लिए चुनौती है।

चारधाम यात्रा मार्गों पर सड़कें हों चकाचक

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि 10 मई को चारधाम यात्रा प्रारंभ होने से पहले समस्त सड़कें चकाचक हो जानी चाहिए। लोनिवि सचिव पंकज पांडेय ने अवगत कराया कि अपर सचिव व अन्य अधिकारियों के द्वारा नियमित रूप से फील्ड विजिट की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 10 मई तक सभी सड़कों की स्थिति ठीक होनी चाहिए यह सुनिश्चित किया जाए।

लघु व दीर्घकालिक योजनाओं पर करें काम

देहरादून : सचिव ऊर्जा मीनाक्षी सुंदरम द्वारा अवगत कराया गया कि चारधामों में 247 बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। इसके लिए दो अधिकारियों की ड्यूटी चारधाम के लिए लगाई गई है। उन्होंने बताया कि केदारनाथ व बद्रीनाथ धाम में 23 केवी के सब स्टेशन का निर्माण प्रगति पर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले दिनों में और भी ज्यादा विद्युत की आवश्यकता होगी, इसके लिए हमें लघु और दीर्घकालिक दोनों योजनाओं पर काम करना है।

दर्दनाक हादसे में पांच लोगों की मौत, एक घायल

देहरादून : पहाड़ों की रानी मसूरी शनिवार तड़के दर्दनाक हादसे से दहल गई। यहां झड़ीपानी मार्ग पर दर्दनाक हादसा हो गया। जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई। तीन लोगों की मौके पर मौत हुई और दो ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। एक घायल महिला का अभी दून हॉस्पिटल में इलाज हो रहा है।

एसएसपी भी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। बताया गया कि दुर्घटनाग्रस्त फोर्ड कार में कुल छह लोग सवार थे। दुर्घटनाग्रस्त फोर्ड कार में चार पुरुष और दो महिलाएं सवार थे। बताया गया कि चूनाखाल झाड़ीपानी मार्ग पर शनिवार सुबह पांच बजे एक वाहन कमल कॉटेज के समीप अनियंत्रित होकर नीचे सड़क पर उल्टा होकर गिरा। अग्निशमन अधिकारी डीएस तड़ियाल ने बताया कि तीन कार सवारों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई है और तीन घायलों को खाई से निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया। जिनमें से दो लोगों की और मौत हो गई है। सभी कार सवार देहरादून के एक शिक्षण संस्थान के छात्र बताए जा रहे हैं। (एजेंसी)

खाई में गिरी कार, युवक की मौत, एक घायल

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : गुमखाल–लक्ष्मणझूला मोटर मार्ग में द्वारीखाल के समीप एक कार अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। जबकि, एक अन्य घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, द्वारीखाल निवासी 22 वर्षीय रमन नेगी व आकाश नेगी गुमखाल की ओर से कार में सवार होकर अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान अचानक कार अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। आसपास मौजूद लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस व स्थानीय लोगों ने संयुक्त अभियान चलाते हुए घायल युवकों को खाई से बाहर निकाला। घायलों को निजी वाहन से अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उपचार के दौरान रमन नेगी की मौत हो गई। जबकि, घायल आकाश को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

25 किलो सोना लेकर एयरपोर्ट पर उतरी अफगानी राजनयिक

मुंबई। डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस ने एक अफगानिस्तानी राजनयिक को 25 किलोग्राम सोना तस्करी करने के आरोप में पकड़ा है। जानकारी के मुताबिक इस्लामिक रिपब्लिक अफगानिस्तान की काउंसल जनरल जाकिया वारदैक 18 करोड़ रुपये की कीमत का सोना अवैध रूप से दुबई से भारत भेजने की फिराक में थी।

टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक घटना 25 अप्रैल की है जब वारदैक को मुंबई एयरपोर्ट पर पकड़ लिया गया। जानकारी के मुताबिक डीआरआई को खुफिया तंत्रों से इसके बारे में जानकारी मिली थी। इसके बाद एयरपोर्ट पर तैनाती बढ़ा दी गई। अफगानी राजनयिक दुबई से शाम पांच बजे के आसपास मुंबई पहुंचने वाली थी। रिपोर्ट के मुताबिक महिला राजनयिक के साथ उनका बेटा भी था। उनके पास कोई सामान नही था इसलिए वे ग्रीन चैनल से निकल रहे थे। सामान ना होने की वजह से कोई कस्टम जांच भी नही होनी थी।

आम आदमी पार्टी ने जारी की 40 स्टार प्रचारकों की सूची, इनमें से कई नेता जेल में बंद

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी ने लोकसभा चुनाव के दौरान दिल्ली में प्रचार करने के लिए अपने 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। इस लिस्ट में पार्टी ने जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल को सबसे प्रमुखता से जगह दी है। पार्टी ने शनिवार को निर्वाचन आयोग को भेजे एक पत्र में अपने स्टार कैंपेनर्स के नाम बताए। इसके साथ ही पार्टी ने हरियाणा में भी प्रचार के लिए 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की।दिल्ली के स्टार प्रचारकों की लिस्ट में सीएम केजरीवाल और उनकी पत्नी के अलावा पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, पार्टी नेता मनीष सिसोदिया, सत्येंद्र जैन, सांसद संजय सिंह, राघव चड्ढा,

दिल्ली के मंत्री गोपाल राय, आतिशी, सौरभ भारद्वाज, कैलाश गहलोत, दिल्ली की महापौर शैली ओबेरॉय, स्वाती मालीवाल के नाम शामिल हैं।लिस्ट में बताए गए अन्य नामों में डॉ संदीप पाठक, पंकज कुमार गुप्ता, एनडी गुप्ता, इमरान हुसैन, राखी बिडलान, हरपाल सिंह चीमा, अमन अरोरा, अनमोल गगन मान, चेतन सिंह, हरजोत सिंह बैंस, बलकार सिंह, दिलीप पाण्डेय, दुर्गेश पाठक, जितेन्दर सिंह तोमर, जस्नैल सिंह, रितुराज झा, राजेश गुप्ता, गुलाब सिंह यादव, संजीव झा, मुकेश अहलावत, पंकज गुप्ता (भैयाजी), सारिका चौधरी, विशेष रवि, अखिलेश पति त्रिपाठी, अमानतुल्लाह खान, डॉ निम्मी रस्तोगी और अंजलि राय के नाम शामिल हैं।

तीन नेता जेल में, एक विदेश में

पार्टी ने जिन 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है, उनमें से कई नेता फिलहाल पार्टी के लिए प्रचार करने की स्थिति में नहीं हैं। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन जहां दिल्ली के कथित शराब नीति घोटाले से जुड़े मामलों में फिलहाल जेल में बंद हैं।

दुनियाभर में कैंसर के बढ़ते मामले चिंताजनक

गैर संचारी रोग यानी कि एनसीडीज के तहत आने वाले कैंसर को लेकर लैंसेट कमीशन की ओर से हालिया जारी नई रिपोर्ट के अनुसार दुनियाभर में ब्रेस्ट कैंसर के मामलों में लगातार वृद्धि हो रही है और 2040 तक हर साल इससे 10 लाख महिलाओं की मौत होने का खतरा है। रिपोर्ट में ये भी बताया गया कि 2020 तक पिछले पांच वर्षों में लगभग 78 लाख महिलाओं को ब्रेस्ट कैंसर का पता चला था, जबकि उसी साल इस बीमारी से करीब 6.85 लाख महिलाओं की मौत हो गई थी। रिपोर्ट कहती है कि दुनियाभर में औसतन हर 12 महिलाओं में से एक को 75 साल की उम्र से पहले ब्रेस्ट कैंसर होने का खतरा रहता है। शोधकर्ताओं का अनुमान है कि 2020 में दुनियाभर में ब्रेस्ट कैंसर के 23 लाख मामले सामने आए थे, जो 2040 तक बढ़कर 30 लाख से अधिक हो सकते हैं। असल में कैंसर की बीमारी से दुनियाभर में होने वाली मौतें दूसरे स्थान पर हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार अमेरिका और चीन के बाद दुनिया में सबसे ज्यादा कैंसर मरीज भारत में हैं। साल 2022 में दुनिया में 1.93 करोड़ नए कैंसर मरीज सामने आए हैं, जिनमें 14 लाख से अधिक भारतीय हैं। इतना ही नहीं, भारत में सालाना बढ़ते कैंसर के मामलों के चलते 2040 तक इनकी संख्या में 57.5 फीसदी तक की बढ़ोतरी होने की आशंका है। कैंसर से भारत में साल 2020 में 7.70 लाख, 2021 में 7.89 लाख और 2022 में 8.08 लाख रोगियों की मौत हुई है। देश में कैंसर के मामलों की कुल संख्या साल 2022 में 14.61 लाख रही। वहीं 2021 में यह 14.26 लाख और 2020 में 13.92 लाख रही। भारत के हर 10 में से एक व्यक्ति अपने पूरे जीवनकाल में कैंसर से जूझता है और 15 में एक की मृत्यु इस बीमारी से हो जाती है। भारत में हर साल करीब 15 लाख कैंसर से जुड़े मामले रिपोर्ट किए जाते हैं।

आखिर कैंसर क्या है? असल में शरीर में होने वाली असामान्य और खतरनाक स्थिति, जिसमें कोशिकाओं की असामान्य वृद्धि होती है, उसे कैंसर कहते हैं। हमारे शरीर में कोशिकाओं का लगातार विभाजन होना एक सामान्य प्रक्रिया है, जिस पर शरीर का पूरा नियंत्रण रहता है, लेकिन जब किसी विशेष अंग की कोशिकाओं पर शरीर का नियंत्रण नहीं रहता है, तो वे असामान्य रूप से बढ़ने लगती हैं और ट्यूमर का रूप ले लेती हैं। इसे ही कैंसर कहा जाता है। ज्यादातर कैंसर ट्यूमर के रूप में होते हैं, लेकिन ब्लड कैंसर के मामले में ट्यूमर नहीं होता है। एक बात यह भी ध्यान रखने योग्य है कि हर ट्यूमर कैंसर नहीं होता है। भारत में कैंसर के प्रकार में छह तरह के कैंसर ज्यादा होते हैं, जिसमें फेफड़ों का कैंसर, मुंह का कैंसर, पेट का कैंसर, स्तन कैंसर, सर्वाइकल कैंसर और कोलोरेक्टल कैंसर शामिल है।

आसान शब्दों में कहें तो कैंसर शरीर में होने वाली असामान्य स्थिति है, जिसमें कोशिकाएं असाधारण रूप से बढ़ने लगती हैं और बढ़ी हुई चर्बी की एक गांठ बन जाती है, जिसे ट्यूमर कह सकते हैं। यह शरीर के किसी भी अंग में हो सकता है। आमतौर पर कैंसर में होने वाले ट्यूमर दो तरह के होते हैं। पहला बिनाइन ट्यूमर और दूसरा मैलिग्नैंट ट्यूमर। मैलिग्नैंट ट्यूमर शरीर के दूसरे हिस्सों में फैलता है, जबकि बिनाइन नहीं फैलता है। सभी कैंसर के लक्षण उसके प्रकार और स्थान के अनुसार अलग-अलग होते हैं, लेकिन कुछ अन्य लक्षण भी हैं, जो देखे जा सकते हैं जैसे शरीर का वजन अचानक कम होना या बढ़ना, ज्यादा थकान और कमजोरी महसूस होना, त्वचा में गांठ बनना या रंग में बदलाव होना, पाचन संबंधी समस्या, कब्ज या दस्त होना, आवाज बदलना, जोड़ों-मांसपेशियों में दर्द, घाव ठीक होने में समय लगना, भूख कम लगना, लिम्फ नोड्स में सूजन आदि।

यूं तो कैंसर होने के पीछे कोई ज्ञात कारण नहीं है, लेकिन कुछ पदार्थ जिन्हें कार्सिनोजन कहा जाता है, वे प्रमुख कारणों में से एक हैं। ये कारक कैंसर होने की संभावना को बढ़ाते हैं। कैंसर के प्रमुख जोखिम कारकों में तंबाकू या उससे बने उत्पाद जैसे सिगरेट, गुटखा या चुइंगम आदि का लंबे समय तक सेवन फेफड़े या मुंह के कैंसर का कारण बन सकता है। लंबे समय तक शराब पीना लिवर कैंसर को बढ़ावा देता है। साथ ही शरीर के अन्य कई हिस्सों में कैंसर के खतरे को बढ़ावा देता है। कैंसर के लिए जीन भी एक प्रमुख कारण है। यदि परिवार में किसी को कैंसर का इतिहास है, तो इस बीमारी के होने की संभावना ज्यादा होती है। वायरस जो कैंसर के लिए जिम्मेदार होते हैं, उनमें हेपेटाइटिस बी और सी होते हैं, जो 50 प्रतिशत तक लिवर कैंसर के लिए जिम्मेदार होते हैं। साथ ही ह्यूमन पैपिलोमा वायरस 99.9 प्रतिशत मामलों में सर्वाइकल कैंसर के लिए जिम्मेदार होते हैं। अनहेल्दी फूड्स या रिफाइंड खाद्य पदार्थ, जिनमें फाइबर की मात्रा कम होती है, वे कोलन कैंसर की संभावना को बढ़ाते हैं। बार-बार एक्स-रे करवाने के कारण भी रेडिएशन के सम्पर्क में आने से कैंसर होने के खतरे को बढ़ावा मिलता है।

मिलावटी होने लगी श्वेत क्रांति की धारा, कहीं रुक न जाए

देश को अरबों रुपयों की चपत हर साल लगती है और उपभोक्ताओं को शुद्ध माल नहीं हासिल होता। लेकिन कुछ ऐसी मिलावटें हैं जिनका बुरा असर हर व्यक्ति की सेहत पर पड़ता है। इनमें दूध में की गई मिलावट प्रमुख है। दूध में मिलावट भले ही असामान्य कार्य न माना जा रहा हो, लेकिन पानी मिलाते-मिलाते दूध में जब जहरीले रसायनों की मिलावट होने लगे तो, इसे सामान्य कहकर नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। यही वजह थी कि सवीच्च न्यायालय ने केंद्र और राज्य सरकारों को मिलावटखोरी के खिलाफ सख्त कानून बनाने के लिए दिसम्बर 2011, दिसम्बर 2014 व अगस्त 2016 में सलाह दी थी। गौरतलब है राजस्थान, उत्तर प्रदेश, दिल्ली सहित देशभर में दूध में मिलावट को लेकर 2011, 2016 व 2018 में सर्वे हो चुका है। जग जाहिर है नेशनल सर्वे रिपोर्ट से यह जाहिर हो चुका है कि दूध में खतरनाक एल्फोटोक्सिन और एंटीबायोटिक्स मिलाया जाता है, जिससे हमारा लीवर हमेशा के लिए खराब हो सकता है या कैंसर जैसी बीमारी के चपेट में हम आ सकते हैं।

—अखिलेश आर्येन्दु

मिलावट को लेकर बार-बार केंद्र व राज्य सरकारों और सामजिक संस्थाओं की तरफ से जागरूकता अभियान चलाए जाते रहे हैं, लेकिन मिलावट करने वालों की आदतों में सुधार नहीं आया। या कहें जैसे-जैसे दवा की रोग बढ़ता गया की कहावत मिलावट के क्षेत्र में चरितार्थ दिखती है। यूं तो मिलावट आज हर वस्तु, संसाधन, खाद्यान्न पेय और धातुओं में होती है। इनसे देश को अरबों रुपयों की चपत हर साल लगती है और उपभोक्ताओं को शुद्ध माल नहीं हासिल होता। लेकिन कुछ ऐसी मिलावटें हैं जिनका बुरा असर हर व्यक्ति की सेहत पर पड़ता है। इनमें दूध में की गई मिलावट प्रमुख है। दूध में मिलावट भले ही असामान्य कार्य न माना जा रहा हो, लेकिन पानी मिलाते-मिलाते दूध में जब जहरीले रसायनों की मिलावट होने लगे तो, इसे सामान्य कहकर नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। यही वजह थी कि सवीच्च न्यायालय ने केंद्र और राज्य सरकारों को मिलावटखोरी के खिलाफ सख्त कानून बनाने के लिए दिसम्बर 2011, दिसम्बर 2014 व अगस्त 2016 में सलाह दी थी। गौरतलब है राजस्थान, उत्तर प्रदेश, दिल्ली सहित देशभर में दूध में मिलावट को लेकर 2011, 2016 व 2018 में सर्वे हो चुका है। जग जाहिर है नेशनल सर्वे रिपोर्ट से यह जाहिर हो चुका है कि दूध में खतरनाक एल्फोटोक्सिन और एंटीबायोटिक्स मिलाया जाता है, जिससे हमारा लीवर हमेशा के लिए खराब हो सकता है या कैंसर जैसी बीमारी के चपेट में हम आ सकते हैं। आंख, आंत, गुर्दे हमारा साथ हमेशा के लिए छोड़ सकते हैं। बच्चों के लिए तो दूषित पानी मिला दूध ही बहुत खतरनाक होता है। मिलावटी दूध पीने से बच्चों की ही नहीं बल्कि बड़ों की हड्डियां भी कमजोर हो जाती हैं।

यूं तो श्वेत-क्रांति के मामले में भारत दुनिया में बहुत आगे निकल चुका है। लेकिन इसकी शुद्धता ने इस क्रांति को सवाल के दायरे में ला दिया है। मिलावट की वजह से श्वेत-क्रांति का कांरवा रुकता नजर आ रहा है। गौरतलब है दूध में हो रही बड़े पैमाने पर मिलावट और बढ़ते पशु वध की वजह से श्वेत-क्रांति के कदम डगमगा रहे हैं। यह मिलावट दूध उत्पादक सहकारी संघों और निजी उत्पादकों के अलावा बिक्री करने वाले अनपढ़ दुधिए भी करते हैं। इसलिए दूध में मिलावट के खिलाफ सरकारी और गैरसरकारी अभियान साल के बारह महीने चलाने की जरूरत महसूस होने लगी है। दूध में मिलावट का मतलब दूध से बनने वाले सभी उत्पादों में मिलावट होना। पिछले चालीस सालों में दूध में तरह-तरह की मिलावट एक आम बात हो गई है। दूध में पानी मिलाते-मिलाते अब

इसमें खतरनाक रसायनों की मिलावट आम बात हो गई है। हरियाणा, पंजाब, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, उत्तराखंड, बिहार, छत्तीसगढ़ सहित देश के तमाम राज्यों से दूध में मिलावट की खबरें आती रही हैं। उत्तराखंड के दूध उत्पादक सहकारी संघ द्वारा उत्पादित दूध आंचल में मेलामाइन नामक जहरीले रसायन मिलाए जाने की खबर आई तो लोगों ने सहकारी उत्पादक संघों के ईमानदारी पर सवाल उठाए। इसी तरह पिछले दसक में पश्चिमी उत्तर प्रदेश, बिहार, उड़ीसा जैसे तमाम राज्यों में कृतिम दूध के निर्माण और दूध में मिलावट से कई लोगों में खतरनाक बीमारियां होने का मुद्दा सुर्खियों में रहा। गौरतलब है दूध उत्पादक पशुपालक किसानों और दुधियों की बदनामी हुई। समाज में असहजता पैदा हुई। जिससे कई तरह की समस्याएं पैदा हुईं, लेकिन मिलावट का सिलसिला रुका नहीं। श्वेत-क्रांति के सफल न होने के पीछे दूध में बड़े पैमाने पर हो रहे मिलावट और दूध देने वाले जानवरों का बढ़ता वध प्रमुख वजह माना जाता है। देश में हर तरह की मिलावटों के खिलाफ कानून बनाए गए हैं, लेकिन उस कानून का असर न के बराबर है। गौरतलब है सरकारी और गैर सरकारी दोनों तरह के दूध मिलावटी हो गए हैं। मिलावट को रोकने के लिए फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड के तहत कार्रवाई होती है, लेकिन ऐसी कोई कार्रवाई नहीं होती, जो दूसरे मिलावट खोरों के लिए नजीर बने। गौरतलब है मिलावट खोरी करने वालों को कानून के तहत अधिकतम छः साल की सजा हो सकती है। इस कानून को नाकाफी बताते हुए सवीच्च न्यायालय के जज के.एस. राधाकृष्णन और ए.के. सीकरी की बेंच ने राज्य सरकारों को सलाह दी थी कि जिन राज्यों ने मिलावट के अपराध के लिए अधिकतम उम्र कैंद की सजा का प्रावधान किया हुआ है वे इसे शक्ति से लागू करें। गौरतलब है मिलावट के खिलाफ तमाम कठोर कानून होने के बावजूद मिलावट करने वालों को कोई डर नहीं रहता। आमतौर पर प्राइवेट कंपनियों वाले मिलावट करते रहते हैं, लेकिन अब सहकारी कंपनियां द्वारा मिलावट करने के समाचार मिलने लगे हैं। साबुन, डिटर्जेंट, यूरिया की मिलावट आम हो गई है। सर्वे की रिपोर्ट के मुताबिक देश का लगभग 69 प्रतिशत दूध मिलावटी है। पिछले कुछ सालों में प्राइवेट कंपनियों के दूध में साबुन, जिडर्जेंट, यूरिया जैसे घातक रसायन मिलते रहे हैं। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के मुताबिक देश में कृतिम और मिलावटी दूध का कारोबार बड़े पैमाने पर किया जा रहा है।राज्य सरकारों ने मिलावट के खिलाफ सजा का प्रावधान किया हुआ है, लेकिन उसका असर नाम मात्र का भी देखने को नहीं मिलता। उत्तर प्रदेश, उड़ीसा और पश्चिम बंगाल ने मिलावटी दूध बेचने वालों के खिलाफ उम्र कैद की सजा का प्रावधान किया हुआ है, लेकिन दूसरे राज्यों के कानून उतने सख्त नहीं हैं जिससे मिलावटियों में कानून का डर बने और वे मिलावट करने के बारे में सोचे ही नहीं। पिछले दिनों उत्तराखंड के सरकारी दूध आंचल और दूध से बने उत्पादों में खतरनाक रसायन मेलामाइन मिलाने की चर्चा मीडिया में रही।

तालमेल और सहयोग बढ़ाने की आवश्यकता

प्रो. लल्लन प्रसाद

गेहूं और सरसों की फैसल तैयार है, मंडियों में खरीदारी शुरू हो गई है। कुछ मंडियों में सुचारू रूप से खरीदारी हो रही है किंतु ऐसी बहुत सी मंडियां हैं, जहां किसानों को परेशानियां झेलनी पड़ रही है।कहीं बारिश और ओले के कारण खेत में अनाज गीला हो गया है तो कहीं मंडी में खुले आसमान के नीचे। किसान की गाढ़ी कमाई पर पानी फिर रहा है, अधिकारी नम माल लेने से मना कर रहे हैं।मंडियों में अव्यवस्था के कारण किसान का सब्र टूट रहा है और कुछ जगहों पर किसानों ने अपना रोष भी प्रकट किया है। अनेक मंडियों में उठान की स्थिति खराब है, शेड में, बाहर सडक़ पर माल पड़ा है, टोकन काटने की व्यवस्था ठीक नहीं है। कभी-कभी मंडी के आगे मीलों लंबी लाइन लग जाती है, रात रात भर किसान को जागकर अपने माल की सुरक्षा करनी पड़ती है। मूलभूत सुविधाओं जैसे पीने का स्वच्छ पानी, शौचालय और साफ-सफाई का अभाव है।मंडी को जाने वाली सडक़ों में गड्ढे, अवैध रूप से खड़े वाहन और आवारा पशु, जगह-जगह जाम की समस्या से किसानों को जूझना पड़ता है। कुछ मंडियों में कंप्यूटर ऑपरेटर और स्टाफ की कमी है तो कुछ में तौल के लिए कांटे की व्यवस्था भी समय पर नहीं हो पाई। आवश्यक मात्रा में बारदानों (कट्टों) का अभाव भी परेशानी का कारण बन जाता है। यद्यपि सभी मंडियों में ऐसी अव्यवस्था नहीं है किंतु काफी संख्या में ऐसे मंडी है जहां व्यवस्था सुधार की एवं मंडी प्रबंधकों और सरकारी विभाग के बीच तालमेल और सहयोग बढ़ाने की आवश्यकता है ताकि किसान आसानी से अपनी फसल बेच सकें।अनाज की खरीद के सीजन में मंडियों से जो रिपोर्ट आ रही हैं वे चिंताजनक हैं। चरखी दादरी में पहले ही दिन मंडी में हजारों किसान फसल लेकर पहुंचे, लंबी लाइन लग गई, किसानों के वाहन घंटों जाम में फंसे रहे, पुलिस और प्रशासन को स्थिति संभालने के लिए खासी मशक्कत करनी पड़ी। बैकडोर से टोकन लेने और व्यापारियों के वाहनों को बैकडोर से एंट्री देने के आरोप लगे। रोहतक की एक मंडी में किसानों को मजबूरी में अपनी फसल प्राइवेट कंपनियों को बेचने के आरोप लगे। ओला और बे मौसम बारिश की वजह से वहां फसल खराब हुई, अधिकारी फसल में नमी के कारण खरीद नहीं कर रहे थे।

सोनीपत के गन्नौर में मंडी सेक्रेटरी और अधिकारियों की मिलीभगत से किसानों को जो नुकसान हुआ उससे उनमें जबरदस्त रोष था, मंडी पर उन्होंने ताला लगा दिया। पोर्टल पर फसल रजिस्ट्रेशन करवाने में भी धांधली के आरोप लगे। जहां किसान की 5 से 6 एकड़ का रजिस्ट्रेशन था वहां अधिकारी 1 से 2 एकड़ का माल ही खरीद रहे थे। भिवानी की एक मंडी में हजारों क्विंटल सरसों खरीद के बाद कट्टों में पड़ी बारिश में भीग गई, बचाव का कोई इंतजाम नहीं था।पूरी मंडी पानी से तरबतर थी, फसल की गुणवत्ता पर बुरा असर पड़ा जिसका खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है। मौसम खराब होने की आशंका से किसानों ने भारी मजदूरी देकर समय से फसल कटवा दिया था और अब जब फसल लेकर मंडी पहुंचे तो वहां मौसम की मार झेलनी पड़ी। सरसों का रंग भूरा हो गया और उसकी गुणवत्ता कम हो गई। सिरसा की मंडी में उठान की स्थिति बेहद खराब रिपोर्ट की गई। उठान के लिए एजेंसियों का चुनाव समय से नहीं हुआ।

गेहूं की आवक एकाएक बढ़ जाने से अधिकारियों के हाथ पैर फूलने लगे, टोकन काटने के लिए पर्याप्त मात्रा में कर्मचारी नहीं थे, ना ही पूरे कंप्यूटर ऑपरेटर। नियमानुसार फसल उठान ट्रकों द्वारा किया जाना चाहिए किंतु एजेंसी ट्रैक्टर-ट्राली द्वारा करा रही है जो सस्ती पड़ती है। यह तब हो रहा है जब ट्रैक्टर के कमर्शियल उपयोग पर रोक लगी हुई है। पंजाब की मंडियों में फसल पहुंच रही है, लेकिन खरीद का पुख्ता इंतजाम बहुत कम मंडियों में है।मेरी फसल मेरा ब्योरा के तहत प्रदेश के 9.25 लाख किसानों ने फसल बेचने के लिए 6.45 लाख एकड़ का पंजीकरण कराया। आरोप लगाया जा रहा है कि 10. 40 एकड़ रकबा ऐसा है, जिसका डेटा मिसमैच कर रहा है। मध्य प्रदेश के कई मंडियों में समय से उठान न होने से आवारा पशुओं से अनाज की रक्षा के लिए किसान रात रात भर जाकर अपने फसल की रक्षा करते हैं।

आरक्षण का मुद्दा गरमाया

चुनाव प्रचार में इन दिनों आरक्षण का मुद्दा गरमाया हुआ है। प्रारंभिक तौर पर आरक्षण को सबसे निचले वर्गों की जातियों को आर्थिक तथा राजनीतिक संबल प्रदान करने के लिए वैधानिक तौर पर आरक्षण प्रदान किया गया था। बाद में आरक्षण का विस्तार होता गया और इसमें नये-नये जाति समूह शामिल होते चले गए।आरक्षण प्राप्त करने के लिए जाट और मराठा जैसे शक्तिशाली समूहों को आंदोलन की राह पकडऩी पड़ी। दरअसल, जो आरक्षण निचली पायदान पर खड़े जाति समूहों के उत्थान के लिए था, वह सभी जाति समूहों के लिए राजनीतिक शक्ति प्राप्त करने का हथियार बन गया। कहने की जरूरत नहीं है कि आज आरक्षण भारतीय समाज के एक बहुत बड़े वर्ग में असंतोष और चिंता का कारक बना हुआ है। हिन्दू समाज के अनारक्षित जाति समूह मानते हैं कि उनके साथ अन्याय किया जा रहा है। ऐसी सूरत में एक ऐसे आर्थिक ढांचे पर बल दिए जाने की जरूरत थी जिसमें बिना आरक्षण की सीढ़ी के सभी निचले वर्ग के लोगों को उत्थान के अवसर प्राप्त हों और जातीय आग्रह सामाजिक विग्रह के कारण न बनें लेकिन अब आरक्षण की नीति एक चिंताजनक मोड़ पर ले आई है। एक ओर जहां कांग्रेस के नेता विशेषकर राहुल गांधी आरोप लगा रहे हैं कि मोदी तीसरी बार सत्ता में आए तो संविधान बदल देंगे और आरक्षण खत्म कर देंगे। दूसरी ओर, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी हर सभा में कह रहे हैं कि कांग्रेस ने आरक्षण को मुस्लिम तुष्टिकरण का नया औजार बना लिया है। वह बार-बार कर्नाटक का उदाहरण दे रहे हैं जहां कांग्रेस ने सभी मुस्लिम जातियों को पिछड़े वर्ग में शामिल करके पिछड़े वर्ग के कोटे से ही 4 प्रतिशत का आरक्षण दे दिया जिसे बाद में भाजपा सरकार ने निरस्त कर दिया। मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा जहां भाजपा सरकार के फैसले पर रोक लगा दी गई है। मोदी अपनी हर सभा में खुलकर कह रहे हैं कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो दलित और पिछड़ों का आरक्षण समाप्त कर मुसलमानों को दे देगी। संविधान में धर्म के आधार पर आरक्षण की व्यवस्था नहीं है। लेकिन कांग्रेस ने चोर दरवाजे से कर्नाटक में आरक्षण देकर जो कदम उठाया है, उसके दुष्परिणाम समझ नहीं पा रही। बेशक, भाजपा को विरोध का बड़ा चुनावी मुद्दा मिल गया है।

पुष्पा 2 का पुष्पा पुष्पा बना 3 भाषाओं में दुनियाभर में ट्रेंड होने वाला पहला गाना

अल्लू अर्जुन की बहुप्रतीक्षित फिल्म पुष्पा 2: द रूल का पहला गाना पुष्पा पुष्पा बीते दिन रिलीज किया गया था, जिसे प्रशंसकों का खूब प्यार मिला।यह गाना हिंदी के साथ तमिल, तेलुगु, मलयालम, कन्नड़ और बंगाली भाषा में रिलीज किया गया।अब गाने पुष्पा पुष्पा ने अपने नाम बड़ी उपलब्धि हासिल की है।दरअसल, यह गाना 3 भाषाओं में दुनिया भर में ट्रेंड करने वाला पहला गाना बन गया है। निर्माताओं ने खुद इस खबर की जानकारी दी है।रॉकस्टार डीसीपी के लिखे गाने पुष्पा-पुष्पा को 6 भाषाओं में रिलीज किया गया है.पुष्पा-पुष्पा गाने के लिरिकल वीडियो ने पूरे इंटरनेट पर हलचल मचा दी है. फैंस अल्लू अर्जुन के स्टेप्स के कायल हो गए हैं और गाने पर

भरपूर प्यार लुटा रहे हैं. वीडियो में पुष्पा ब्रांड की ताकत को दिखाया गया है.गाने के जबरदस्त हुक स्टेप ने पुष्पाइज्म के क्रेज को बढ़ा दिया है, जो पुष्पाः द राइज के डेब्यू के बाद से पॉप कल्चर का हिस्सा बन गया है.

पुष्पा 2 के पहले सिंगल पुष्पा-पुष्पा को 6 भाषाओं में रिलीज किया गया है. ये गाना तेलुगु, तमिल, हिंदी, कन्नड़, मलयालम और बंगाली भाषाओं में रिलीज हुआ है.देवी श्री प्रसाद ने गाने के अलग-अलग वर्जन गाने के लिए नकाश अजीज, दीपक ब्लू, मीका सिंह, विजय प्रकाश, रंजीत गोविंद और तिमिर बिस्वास जैसे पॉपुलर सिंगर्स को शामिल किया है.

पुष्पाः द रूल 15 अगस्त, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म का सामना रोहित शेट्टी की फिल्म सिंघम अगेन से होगा।यह फिल्म 2021 में आई पुष्पाः द राइज की दूसरी किस्त है।पुष्पा 2 हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ के साथ बंगाली भाषा में भी रिलीज होने वाली पहली पैन-इंडिया फिल्म बन गई है।इस फिल्म में अल्लू की जोड़ी एक बार फिर अभिनेत्री रश्मिका मंदाना के साथ बनी है।

मुंबई फिलहाल एक टीम के रूप में नहीं खेल रही हैः इरफान पठान

नई दिल्ली, पूर्व भारतीय क्रिकेटर इरफान पठान ने शुक्रवार रात कोलकाता नाइट राइडर्स से 24 रन से मिली निराशाजनक हार के बाद मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या की तीखी आलोचना की। पठान ने उन महत्वपूर्ण क्षणों पर प्रकाश डाला जहां उनका मानना था कि एमआई लडखड़ा गया था, विशेष रूप से मैदान पर पांड्या के निर्णय लेने पर ध्यान केंद्रित किया। जब केकेआर 57/5 पर संघर्ष कर रहा था, तब तीन महत्वपूर्ण ओवरों में नमन धीर का उपयोग करने से भौंहें तन गईं, पठान ने सुझाव दिया कि मुंबई को 20 रन महंगे पड़े, जिससे केकेआर को 170 का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाने में मदद मिली। इरफ़ान पठान ने इंस्टाग्राम पर कहा,मुंबई इंडियंस की कहानी आईपीएल 2024 में समाप्त हो गई है। वे कागज पर बहुत अच्छी टीम थे लेकिन उन्हें अच्छी तरह से प्रबंधित नही किया गया है। हार्दिक पांड्या की कप्तानी पर सवाल बिल्कुल जायज हैं. आज जब केकेआर का स्कोर 57/5 था तो आपने नमन धीर के 3 ओवर कराये गए। आपने अपना छठा गेंदबाज डाला, केकेआर को मनीष पांडे और वेंकटेश अय्यर के बीच एक महत्वपूर्ण साझेदारी बनाने दी। यह 83 रन की साझेदारी केकेआर को 170 तक ले गई, जबकि उन्हें केवल 150 तक ही पहुंचना चाहिए था और यही अंतर का बिंदु बन गया।

बृजेश, आर्यन समेत 7 भारतीयों ने फाइनल में प्रवेश किया

अस्ताना(कजाकिस्तान), बृजेश टम्टा और आर्यन ने पांच अन्य भारतीय मुक्केबाजों के साथ यहां एएसबीसी एशियन अंडर-22 और यूथ बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2024 में युवा पुरुष वर्ग के फाइनल में प्रवेश किया।

भारत के लिए शुरुआत करते हुए, बृजेश ने 48 किग्रा वर्ग में मंगोलिया के तालाइबेक इसूर को 5-0 के ठोस स्कोर के साथ हराया।

इसके बाद, राहुल कुंडू (75 किग्रा) और आर्यन (92 किग्रा) ने समान सर्वसम्मत निर्णयों के साथ चीन के कांजी बेई एर्सी और किर्गिस्तान के अलीबेव टाइनिस्तान को पछाड़ दिया।

दूसरी ओर, सागर जाखड़ (60 किग्रा) ने अंतिम दौर में किर्गिस्तान के सादिरोव दिलेरबेक पर रेफरी स्टॉप द कॉन्टेस्ट (आरएससी) की जीत के लिए मजबूर किया। आर्यन (51 किग्रा), यशवर्धन सिंह (63.5 किग्रा) और प्रियांशु (71 किग्रा) ने विभाजित निर्णय के साथ भारत की जीत की लय को आगे बढ़ाया।

इस बीच, सुमित (67 किग्रा) और साहिल (80 किग्रा) ने कजाकिस्तान के सबिरखान तोरेखन और किर्गिस्तान के जाकिरोव मुखमदाजिज के खिलाफ 0-5 से हारने के बाद कांस्य पदक के साथ समापन किया। भारतीय युवा दल ने प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में महिला वर्ग में 12 सहित 22 पदक हासिल किए हैं।

बाद में शुक्रवार की रात, लक्ष्य राठी (92+ किग्रा) और मौजूदा जूनियर विश्व चैंपियन निशा (52 किग्रा) और आकांशा (70 किग्रा) 10 अन्य भारतीय युवा मुक्केबाजों के साथ फाइनल में जगह बनाने के लिए लड़ेंगे।

गुरुवार रात ध्रुव सिंह (80 किग्रा), गुड्डी (48 किग्रा) और पूनम (57 किग्रा) ने अंडर-22 वर्ग के अंतिम-चार चरण में अपनी जगह बना ली।

शनिवार को ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुकी प्रीति (54 किग्रा) और मौजूदा युवा विश्व चैंपियन विश्वनाथ सुरेश (48 किग्रा) 17 अन्य मुक्केबाजों के साथ अंडर-22 सेमीफाइनल में भारत की कमान संभालेंगे।

मुस्कान (75 किग्रा) और अल्फिया पठान (81 किग्रा) को उनके संबंधित अंडर-22 सेमीफाइनल में बाई मिली है।

यूथ और अंडर-22 वर्ग के फाइनल क्रमशः सोमवार और मंगलवार को खेले जाएंगे।

दीपिका पादुकोण ने सिंघम अगेन के सेट पर कलाकारों के साथ दिए पोज

बी टाउन एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण, जो इस साल के अंत में पति रणवीर सिंह के साथ अपने पहले बच्चे की उम्मीद कर रहीं हैं। बता दें कि इन दिनों वो फिल्म ह्यसिंघम अगेनह्ल की शूटिंग में बिजी हैं। इस फिल्म से दीपिका ने रोहित शेट्टी द्वारा बनाई गई पुलिस जगत में कदम रखा है और वह शक्ति शेट्टी के किरदार में नजर आएंगी। अब हाल ही में, फिल्म के सेट पर कुछ सह-कलाकारों के साथ दीपिका की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो गईं है। उन्हें उनसे स्केच के रूप में एक सरप्राइज गिफ्ट भी मिला।

हाल ही में, आगामी फिल्म सिंघम अगेन के एक कलाकार ने इंस्टाग्राम पर एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण के साथ एक प्यारी तस्वीर शेयर की। फोटो में दीपिका दो लड़कियों के साथ सेल्फी लेती नजर आईं, जो उनके कॉस्ट्यूम में सजी हुई थीं। दीपिका ने अपनी नेचुरल ब्यूटी को दिखाते हुए नो-मेकअप लुक में नजर आने वाला लुक दिया था। पोस्ट में एक स्केच की झलक भी थी, जिसे लड़कियों ने दीपिका को उपहार में दिया था। पोस्ट के साथ, कलाकार ने कैप्शन में अपनी भावनाओं को कलमबद्ध किया। उन्होंने दीपिका के प्रति अपने लगाव का खुलासा किया और उनके साथ काम करने के अनुभव पर भी चर्चा की।

कैप्शन में लिखा, दीपिका पादुकोण द ओनली लेडी सिंघम। आपसे मिलकर खुशी हुई मैम। मेरे जीवन के सबसे अच्छे दिनों में से एक। आपके साथ काम करने के लिए बहुत भाग्यशाली महसूस किया। आज भी याद है जब आप मुझे देखकर मुस्कुराए थे और जिस तरह से आपने स्केच देखने के बाद सराहना की और खुश हो गए। मैं प्रार्थना करता हूं कि हम भविष्य में कई बार मिलें।

पंचायत 3 की रिलीज डेट पर सस्पेंस खत्म, 28 मई को अमेजन प्राइम पर होगी स्ट्रीम

जितेंद्र कुमार स्टारर मोस्ट अवेटेड वेब सीरीज पंचायत वापस आ गई है, फैंस का इंतजार अब खत्म होने वाला है.

इसके पहले दो सीजन की सफलता के बाद, निर्माताओं ने पंचायत सीजन 3 की रिलीज की तारीख के बारे में रोमांचक खबर का खुलासा किया है. हाल ही में एक अनाउंसमेंट में, मेकर्स ने सोमवार 29 अप्रैल को एक टीजर वीडियो जारी किया, जिससे सीरीज की वापसी के बारे में अटकलों का बाजार गर्म हो गया. जानकारी के अनुसार, आगामी सीजन की प्रीमियर डेट 28 मई, 2024 तय की गई है.

हार्दिक आईपीएल जैसे टूर्नामेंट का दबाव महसूस कर रहे हैं: फिंच

मुंबई, ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर आरोन फिंच ने शुक्रवार रात कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 24 रन से हार के बाद मुंबई इंडियंस के प्रदर्शन का आकलन करते हुए कहा कि हार्दिक पांड्या आईपीएल जैसे टूर्नामेंट का दबाव महसूस कर रहे हैं। केकेआर की पारी के अंत में जसप्रीत बुमराह (3-18) और नुवान तुषारा (3-42) ने तीन-तीन विकेट लिए, क्योंकि मुंबई इंडियंस ने वेंकटेश अय्यर की 52 गेंदों में 70 रनों की शानदार पारी के बावजूद उन्हें 169 रनों पर सीमित कर दिया, जिन्होंने छठे विकेट के लिए मनीष पांडे के साथ 83 रन जोड़े। फिंच ने स्टार स्पोर्ट्स क्रिकेट लाइव से कहा, वानखेड़े स्टेडियम में ओस गिरने के कारण आप उनसे 170 रनों का पीछा करने की उम्मीद कर

सकते हैं। यह आम तौर पर बल्लेबाजी करने के लिए एक खूबसूरत जगह है। हां यह थोड़ा अस्वाभाविक था, जिस तरह से यह थोड़ा अधिक टर्न ले रहा था और यह थोड़ा अधिक दो गति वाला था जो हमने अतीत में नहीं देखा था। मिचेल स्टार्क ने 4-33 विकेट लिए, 19वें ओवर में चार गेंदों में तीन विकेट लेकर मुंबई की पारी 145 रन पर समेट दी, जब स्पिन जोड़ी सुनील नारायणन और वरुण चक्रवर्ती ने उन्हें समान 2-22 के विकेट के साथ 61/4 पर रोक दिया था। वह वास्तव में थका हुआ लग रहा है और कोई ऐसा व्यक्ति है जो दबाव महसूस कर रहा है। और मैं उसके लिए महसूस करता हूं, मैं स्वयं उस स्थिति में रहा हूं जहां आप व्यक्तिगत रूप से जो कुछ भी प्रयास कर रहे हैं वह काम नहीं कर रहा है। और जब टीम उतना अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रही हो, तो यह बहुत मुश्किल स्थिति होती है। यह एक ऐसी चीज है जहां आप प्रदर्शन नहीं कर रहे हैं और टीमें जीत रही हैं, यह ऐसी चीज है जिसे आप एक कप्तान के रूप में ले

यात्री शेड पर हुआ कब्जा, धूप में खड़ें हैं यात्री

कोटद्वार के स्टेशन रोड में यात्री शेड पर लगी रेहड़ी-ठेली

यात्रियों की सुविधा के लिए बाजार पुलिस चौकी के समीप बनाया गया है यात्री शेड

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : एक ओर जहां गर्मी का पारा लगातार बढ़ता जा रहा है। वहीं, गढ़वाल के प्रवेश द्वार कोटद्वार में यात्री चिलचिलाती हुई धूप में खड़े होकर वाहनों का इंतजार करने को मजबूर हो रहे हैं। हालत यह है कि बस अड्डे में बाजार चौकी के समीप बने एक मात्र यात्री शेड पर भी वर्षों से रेहड़ी-ठेली वालों का कब्जा बना हुआ है। शिकायत के बाद भी नगर निगम व स्थानीय प्रशासन यात्री शेड को अतिक्रमण मुक्त नहीं करवा पाया। गढ़वाल के प्रवेश द्वार कोटद्वार से हर रोज सैकड़ों यात्री पहाड़ व मैदान के लिए यात्रा करते हैं। ऐसे में गर्मी के मौसम में यात्रियों को वाहन के लिए अग्नि परीक्षा से जूझना पड़ रहा है।

गर्मी में पानी को तरसे यात्री

भीषण गर्मी के बीच यात्री कोटद्वार बस अड्डे में पीने के पानी को भी तरस रहे हैं।

यात्री बाजार से पानी खरीदने को मजबूर हो रहे है। जबकि, पूर्व में क्षेत्रवासी कई बार बस अड्डे पर एक सार्वजनिक प्याऊ बनवाने की भी मांग उठा चुके हैं। लेकिन, अब तक इस ओर ध्यान नहीं दिया गया। बाजार चौकी के समीप बने सार्वजनिक प्याऊ की स्थिति भी बदहाल पड़ी हुई है।

दोपहर के समय तन झुलसा देने वाली धूप के बीच यात्री वाहनों के इंतजार को मजबूर हो रहे हैं। सबसे अधिक परेशानी छोटे बच्चों के साथ यात्रा कर रहे मुसाफिरों को हो रही है। हालत यह है कि वर्षों पूर्व यात्रियों की सुविधा के लिए बाजार चौकी के समीप बनाए गए यात्री शेड पर भी रेहड़ी-ठेली का कब्जा हो गया है। चौंकाने वाली बात तो यह है कि शहर को अतिक्रमण मुक्त बानने के दावे करने वाली पुलिस को यात्री शेड पर हुआ अतिक्रमण नहीं दिखाई देता।

सुरेंद्र सिंह रावत बने समिति के प्रबंधक

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : संयुक्त यातायात रोटेशन समिति से जुड़े वाहन स्वामियों, चालक और परिचालकों की शनिवार को जीएमटी भवन सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान सुरेंद्र सिंह रावत को समिति का प्रबंधक चुना गया। बैठक का आरंभ करते हुए समिति संरक्षक संदीप अग्रवाल ने संयुक्त यातायात को सफल बनाने के लिए प्रबंधन समिति का गठन का प्रस्ताव रखा। इस पर सभी सदस्यों की सहमति के बाद चालक कुंवर सिंह रावत ने प्रबंधक पद के लिए सुरेंद्र सिंह रावत का नाम प्रस्तावित किया। सदस्य गंभीर सिंह रौथाण के प्रस्ताव को समर्थन देने के बाद सुरेंद्र सिंह रावत को समिति का प्रबंधक चुना गया। तय किया गया कि समिति के अन्य पदाधिकारियों की घोषणा शीघ्र की जायेगी। बैठक में समिति अध्यक्ष राकेश भट्ट, मदनमोहन बलूनी, अशोक रावत, अनिल कुकरेती, सुरेश चौहान, रघुवीर सिंह और भगवंत सिंह सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

वार्षिकोत्सव में दिखी सांस्कृतिक छटा

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : भाबर के झंडीचौड़ स्थित भगवंत ग्लोबल विश्वविद्यालय में शनिवार को विवि के 7वें वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शनिवार को कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथि लैंसडौन विधानसभा विधायक दिलीप सिंह रावत और विवि पदाधिकारियों ने किया। कार्यक्रम के अंतर्गत सर्वप्रथम प्रतिकुलपति प्रो. पीएस राणा ने विश्वविद्यालय की प्रगति पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि विधायक दिलीप सिंह रावत ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य एक अच्छे नागरिक के साथ-साथ चरित्रवान नागरिक का निर्माण करना भी होना चाहिए। छात्रों को भी मन लगाकर अध्ययन करते हुए देश के जिम्मेदार नागरिक बनने का प्रयास करना चाहिए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की गत वर्ष की वार्षिक रिपोर्ट का भी विमोचन किया गया। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में पिंकी बिष्ट और हर्षित शर्मा को श्रेष्ठ शिक्षक एवं राहुल कुमार और सुभाष चंद्र को श्रेष्ठ स्टाफ का पुरस्कार दिया गया। आदिल को मिस्टर फेयरवेल, निकिता को मिस फेयरवेल, उपासक को मिस्टर स्पार्क व आरती को मिस स्पार्क का पुरस्कार प्रदान किया गया। इस दौरान डा. सर्वानन, राहुल राजपूत, रविन्द्र कुमार और श्वेता डोबरियाल सहित विवि का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

प्रभावितों ने रोका रेलवे निर्माण कार्य

श्रीनगर गढ़वाल : मांगे पूरी न होने पर प्रभावित ग्रामीणों ने शनिवार को रेल परियोजना का निर्माण कार्य रोका और प्रदर्शन किया। आरोप लगाया कि रेलवे निर्माण कार्य में हो रही ब्लास्टिंग से आवासीय भवनों में दरार समेत कई परेशानियों से उन्हें जूझना पड़ रहा है। ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना के निर्माण कार्य से प्रभावित विकासखंड कोट के अंतर्गत कांडी, रामपुर, मरगुड़ गांव के ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान न होने पर शनिवार को प्रभावित लोग सड़क पर उतर आए। (एजेंसी)

एक नजर

जिलेभर में नहीं थम रही वनाग्नि की घटनाएं

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : जनपद पौड़ी गढ़वाल में आग की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। जिलेभर में रोजाना वनाग्नि की घटनाएं सामने आ रही हैं। इससे वन विभाग की चिताएं बढ़ा गई है। अब तब लाखों की वन संपदा राख हो गई है। जिले में शनिवार को भी सिविल से लेकर आरक्षित वन क्षेत्रों में आग धधकती दिखी। अभी तक पौड़ी जिले में करीब दो सौ हेक्टेअर से अधिक सिविल और आरक्षित वन क्षेत्र इस आग की चपेट में आकर प्रभावित हो गया है। वहीं जंगल की आग को बुझाने में वन महकमा अकेला ही जूझता दिखाई दे रहा है। इससे पहले शुक्रवार को जिले में विभिन्न स्थानों में आरक्षित क्षेत्रों में लगी आग को वन कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद काबू किया था। जंगल की आग की वजह से निकल रहे धुएं से मुख्यालय सहित सभी आस-पास के इलाकों में सुबह से ही चारों ओर धुंध छा रही है।

जूनियर और हाईस्कूल की कक्षाएं एक ही परिसर में होंगी संचालित

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : एक ही परिसर में जूनियर और हाईस्कूल की कक्षाएं अब संयुक्त रूप से संचालित होंगी। जिला मुख्य शिक्षा अधिकारी ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। अभी जूनियर और हाई स्कूल की कक्षाएं एक परिसर में होने के बाद भी अलग-अलग संचालित की जा रही हैं।पौड़ी के मुख्य शिक्षाधिकारी दिनेश चंद्र गौड़ ने इस संबंध में सभी बीईओ को पत्र लिखा है। पत्र में लिखा गया है कि यह देखा जा रहा है कि जूनियर स्तर के स्कूल के हाईस्कूल के तौर पर उच्चीकरण होने के बाद भी हाईस्कूल की कक्षाएं जिसमें कक्षा 9 और 10 शामिल है अलग चल रही है।

होटल एसोसिएशन ने किया ऑनलाइन पंजीकरण का विरोध

श्रीनगर गढ़वाल : होटल एसोसिएशन ने चारधाम यात्रा के लिए ऑनलाइन पंजीकरण के विरोध में शनिवार को बाजार चौकी के पास सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान होटल कारोबारियों ने सरकार से ऑनलाइन पंजीकरण की बाध्यता खत्म करने की मांग की।

महिपाल सिंह मेहरा बने अध्यक्ष

नव नियुक्त पदाधिकारी का स्वागत करते सदस्य

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : भाबर क्षेत्र स्थित राजकीय इंटर कालेज जयदेवपुर में शनिवार को अभिभावक शिक्षक संघ का गठन किया गया। इस दौरान महिपाल सिंह मेहरा को सत्र 2024-25 के लिए अध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा प्रधानाचार्य पदेन सचिव, मधु देवी उपाध्यक्ष एवं शेखर जोशी कोषाध्यक्ष चुने गये।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य शोबेन्द्र जोशी ने पिछले सत्र का विद्यालय का लेखा जोखा सभी अभिभावकों के समक्ष रखा तथा छात्रों के अध्ययन और प्रगति संबंधी जानकारी अभिभावकों के साथ साझा की। उन्होंने कहा कि विद्यालय के शिक्षकों की ओर से छात्र-छात्राओं को उत्तम शैक्षिक माहौल प्रदान किया जा रहा है। इसी का परिणाम है कि बोर्ड परीक्षा में विद्यालय का परीक्षा परिणाम 95 प्रतिशत से अधिक रहा है। उन्होंने अभिभावकों से विद्यालय के शैक्षिक माहौल को बेहतर बनाने के लिए सहयोग देने की अपील की। इस अवसर पर राजीव शर्मा, संजय ध्यानी, सुनील खंतवाल, जय कुमार दोहरे, वीरेंद्र रावत और दीवान सिंह रावत आदि शिक्षकों सहित समस्त छात्र-छात्रा और अभिभावक मौजूद रहे।

राकेश लखेड़ा की पुस्तक शिव शक्ति हवन पूजा पद्धति का विमोचन

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : आचार्य राकेश चंद्र लखेड़ा की पुस्तक ह्लशिव शक्ति हवन पूजा पद्धतिह्व का विमोचन हो गया है। इस दौरान सदस्यों ने अपने धर्म व संस्कृति के संरक्षण के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। उक्रांद नेता डा. शक्तिशैल कपरवाण ने पुस्तक का विमाचन किया। उन्होंने कहा कि आज हमें अपने धार्मिक ग्रंथों को पढ़ने की आवश्यकता है। कहा कि सनातन संस्कृति हमें बेहतर जीवन जीने की सीख देती है। उन्होंने युवाओं से अपने वैदिक धार्मे के अध्ययन की भी अपील की। आचार्य राकेश चंद्र लखेड़ा ने कहा कि पुस्तक के माध्यम से आमजन को धर्म के प्रति जागरूक करने का कार्य किया गया है। वहीं, उक्रांद ने आगामी नगर निगम चुनाव में अपने प्रत्याशी उतारने का भी एलान किया। कहा कि मालन पुल, बदहाल सड़क, लालढांग चिल्लरखाल मोटर मार्ग सहित अन्य अव्यवस्थाओं को लेकर उक्रांद जनता के बीच पहुंचेगा। कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने प्रदेश सरकार की ओर से बिजली के दामों में बढ़ोत्तरी किए जाने पर भी रोष व्यक्त किया। कहा कि जनता का शोषण किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष पुष्कर सिंह रावत, केंद्रीय उपाध्यक्ष जगदीपक सिंह रावत, केंद्रीय महामंत्री सत्यप्रकाश भारद्वाज, हरीश द्विवेदी, प्रवेश चंद्र नवानी, मोहन काला, सत्यपाल सिंह नेगी, रामचंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

कोटद्वार में शिव शक्ति पूजन पद्धति पुस्तक का विमोचन करते सदस्य

भाषण प्रतियोगिता में लक्ष्मी खंसूली रही अव्वल

महाविद्यालय में आयोजित कार्यशाला में भाग लेते विद्यार्थी व अन्य

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अंग्रेजी विभाग की ओर से इंडियन फेमिनिस्ट नोवलिस्ट विषय पर सेमिनार आयोजित किया गया। इस दौरान भाषण प्रतियोगिता में लक्ष्मी खंसूली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

कार्यशाला का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या जानकी पंवार ने किया। सर्वप्रथम छात्रों ने लधुशोधों पर आधारित पेपरों को पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत किया। प्राचार्या ने महिला सशक्तिकरण पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कहा कि एक शिक्षित महिला अपने आसपास की अन्य महिलाओं को शिक्षित कर उनका मार्गदर्शन करती है। कहा कि एक महिला कई भूमिकाओं में रहकर भी अपने परिवार का ख्याल रखती है। डा. किशोर चौहान ने कहा कि महिला व पुरूषों में समानता को प्राथमिकता देने से पूरे भारत में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिला है। कहा कि महिलाओं को शारीरिक व मानसिक रूप से सामाजिक रूप से मजबूत होना जरूरी है। सेमिनार की संयोजक डा. वंदना चौहा ने भारतीय मूल की महिला लेखकों ने महिलाओं की आर्थिक, मानसिक, सामाजिक स्थितियों पर बहुत ही प्रभावशाली ढंग से चित्रण किया है।

कहा कि भारतीय मूल की उपन्यासकार अनिता देसाई, अरुंधती राय, झुंपा लाहिरी, भारती मुखर्जी ने अपनी अपनी किताबों के माध्यम से नारीवाद की वृहद परिभाषा को गढा है, जो नारीवाद को समझने में बेहद मददगार साबित होगा। उक्त कार्यक्रम में अंग्रेजी विभागीय परिषद के अंतर्गत हुई प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए गए। जिसमे भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान लक्ष्मी खंसूली, द्वितीय स्थान अतुल सिंह रावत, तृतीय स्थान सोनम चौहान ने प्राप्त किया।

दावे हुए फेल, विकराल हो रही पेयजल किल्लत

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : कोटद्वार में पेयजल समस्या लगातार विकराल होती जा रही है। भीषण गर्मी में वार्ड वासियों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। शिकायत के बाद भी जल संस्थान समस्या को लेकर गंभीरता नहीं दिखा रहा। ऐसे में अब पानी के लिए कई वार्डवासियों ने आंदोलन तक की चेतावनी भी दे दी है।

साठ के दशक में घर-घर जल पहुंचाने के लिए क्षेत्र में पेयजल लाइन बिछाई गई थी। उस समय क्षेत्र की जनसंख्या करीब दस से बीस हजार थी। लेकिन, समय के साथ जनसंख्या बढ़ती चली गई और आज भी पानी साठ के दशक में बिछाई गई पेयजल लाइनों से ही सप्लाई किया जा रहा है। नतीजा बूढ़ी हो चुकी पेयजल लाइनों से घरों में पर्याप्त पानी नही पहुंच पा रहा है। जगह-जगह लीकेज हो रही पेयजल लाइनों से सड़कें तर हो रही हैं। कई घरों में पानी का फ्लो बहुत कम हो चुका है। बिना मोटर चलाए किसी भी घर में पानी नहीं पहुंच पाता। वर्तमान में जौनपुर, मानपुर व भाबर क्षेत्र में सबसे अधिक पेयजल संकट बना हुआ है।

पैठाणी में शराब की दुकान खोलने का विरोध शुरू

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : राठ क्षेत्र के पैठाणी बाजारमें शराब की दुकान खोले जाने का विरोध शुरू हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि यहां पर शराब की दुकान खुलने से माहौल खराब होगा। ग्रामीणों ने शनिवार को राठ क्षेत्र के पैठाणी बाजार में शराब की दुकान खोले जाने के विरोध में जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया है।

ग्रामीणों ने कहा कि पैठाणी बाजार में प्रशासन द्वारा शराब की ब्रांच दुकान खोलने की तैयारी की जा रही है। जिससे ग्रामीणों में रोष बना हुआ है। कहा कि पहले ही यहां से 200 मीटर की दूरी पर शराब की दुकान स्थित है। पैठाणी बाजार में कई शिक्षण संस्थाएं है। यहां पर शराब की दुकान खुलने से क्षेत्र का माहौल खराब होने की आशंका बनी है। कहा कि जिस स्थान पर शराब की दुकान खुलने की जा रही है वह ग्राम सभा का मुख्यमार्ग भी है। इस मार्ग से हर दिन महिलाएं, बुजुर्ग दैनिक कार्यो के लिए आवाजाही करते है। ज्ञापन में शांति देवी, पुष्पा देवी, ऊषा देवी, राजेश्वरी, सुनीता, शकुंतला, संगीता, रोशनी, हेमा, लक्ष्मी, सुनीता, स्वाति, बबली आदि के नाम शामिल थे।

16 मई से शुरू होगें फुटबाल ट्रायल

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : फुटबॉल के खिलाड़ियों के लिए देहरादून के पवेलियन ग्राउंड में 16 मई से ट्रायल शुरू होगें। किक स्टार्ट क्लब 16 और 17 मई को देहरादून के पवेलियन ग्राउंड में विभिन्न आयु वर्ग के खिलाड़ियों के लिए फुटबॉल का ट्रायल आयोजित करेगा। क्लब के समन्वयक सुरेंद्र सिंह रावत ने बताया कि अंडर-11,13, 15, 17 और 19 आयु वर्ग के खिलाड़ियों के लिए यह ट्रायल आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने अधिक से अधिक खिलाड़ियों को इस ट्रायल में हिस्सा लेने की अपील की है।

ओंकारेश्वर मंदिर में आज होंगी भगवान भैरवनाथ की पूजा

रुद्रप्रयाग : ओंकारेश्वर मन्दिर ऊखीमठ में रविवार को भगवान भैरवनाथ की विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी। जिसके बाद भगवान केदारनाथ की चल विग्रह उत्सव भोग मूर्ति को मुख्य पुजारी द्वारा गर्भगृह से बाहर लाया जाएगा। विधि विधान और परम्परानुसार चल विग्रह उत्सव डोली 6 मई को केदारनाथ के लिए प्रस्थान करेगी। पूर्व परम्परा अनुसार ऊखीमठ से भगवान केदारनाथ की उत्सव डोली जब धाम के लिए प्रस्थान करती है तो उससे पूर्व संध्या पर ओंकारेश्वर मन्दिर में भगवान भैरवनाथ की विशेष अर्चना की जाती है। मान्यता है कि भगवान केदारनाथ की यात्रा निर्विघ्नता पूर्वक संपंन हो, इसके लिए प्रतिवर्ष वैदिक मंत्रोच्चार व परम्परा के साथ यह विशेष पूजा होती है। भगवान भैरवनाथ को सम्पूर्ण क्षेत्र का रक्षक व भगवान केदारनाथ का आगवानी वीर कहा जाता है। परम्परानुसार इस दिन गेहूं के आटे से निर्मित पूरी व काली दाल पकोड़ी की माला भोग के रूप में भगवान को अर्पित की जाती है जिसे पूजा की समाप्ति पर प्रसाद के रूप में भक्तों को दिया जाता है। भगवान की यह पूजा जगद्गुरु रावल भीमा शंकर लिंग व केदारनाथ के मुख्य पुजारी शिवशंकर लिंग व अन्य पुजारियों द्वारा विधिवत रूप से की जाएगी है। इधर, बदरी-केदार मंदिर समिति द्वारा डोली यात्रा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बीकेटीसी के कार्याधिकारी आरसी तिवारी ने कहा कि 6 मई को डोली ऊखीमठ से केदारनाथ धाम के लिए प्रस्थान करेगी। 7 को डोली फाटा, 8 को गौरीकुंड और 9 मई को केदारनाथ धाम पहुंचेगी जहां 10 मई को सुबह 7 बजे केदारनाथ धाम के कपाट आम भक्तों के दर्शनार्थ खोल दिए जाएंगे। (एजेंसी)

पुलिस ने महिला को खोया पर्स लौटाया

नई टिहरी : देवप्रयाग पुलिस ने शनिवार को जम्मू कश्मीर की महिला का खोया पर्स, जेवर, नकदी और मोबाइल फोन लौटाकर ईमानदारी की मिसाल पेश की है। जम्मू कश्मीर निवासी दंपति ने टिहरी मित्र पुलिस के कार्य की प्रशंसा करते हुए आभार जताया। पुलिस मीडिया सेल से प्राप्त जानकारी के अनुसार, रामबन जम्मू कश्मीर निवासी मधु प्रीत कामिनी अपनी माता की अस्थियां विसर्जन को हरिद्वार आई थी। जिसके बाद वह परिवार के साथ गंगा स्नान को संगम घाट देवप्रयाग पहुंची। जब वह दर्शन को नीलकंठ महादेव ऋषिकेश के मंदिर में पहुंची तो अनायास पाया कि उनका पर्स, जिसमें उनकी यात्रा के समस्त पैसे तथा जेवरात और मोबाइल फोन थे, कही घुम हो गए है। परिवार ने ड्यूटी पर तैनात एएसआई सुरेंद्र कुमार यादव थाना लक्ष्मण झूला को मामले की जानकारी दी। पुलिस टीम ने थाना देवप्रयाग में संपर्क किया।

सिविल क्षेत्र तक पहुंची जंगलों की आग

नई टिहरी : भिलंगना ब्लॉक के रिजर्व क्षेत्र के जंगलों में लगी आग शुक्रवार देर रात सिविल क्षेत्र के साथ ही लोगों के घरों के पास तक पहुंच गई। जंगलों में लगी आग से एक ओर जहां आसमान में धुआं छाया हुआ है, वहीं तापमान में भी खासी बढ़ोतरी हो गई है।

बीती शुक्रवार देर सायं सिल्यारा, गनगर, सारांस गांव, चाकूरसेरा सहित कई गांवों के आसपास आग पहुंचने से कई हेक्टेयर सिविल भूमि के जंगल व पशु चारा जलकर खाक हो गए। अभी तक कई बार जंगलों में आग लगने की कई घटनाएं घट चुकी हैं। लेकिन वन विभाग आग पर काबू नहीं कर पा रहा है। चारों ओर लगी भीषण आग से क्षेत्र में गहरा धुआं छाने से विजिबिलिटी बेहद कम हो गई। तथा 3 दिनों से धूप नहीं दिखाई दे रही है। धुएं के कारण हवा में कार्बन की मात्रा बढ़ने से अस्पतालों में सांस, आंखों व अन्य बीमारियों के मरीज बढ़ गए हैं। जंगलों में लगी आग के कारण तापमान में वृद्धि होने से लोगों की परेशानी बढ़ गई। इसके साथ ही वन्य जीवों व पेयजल स्त्रोतों पर भी संकट मंडराने लगा है। बालगंगा रेंज के अधिकारी प्रदीप चौहान ने बताया कि उपलब्ध कर्मियों के सहारे वनाग्नि पर काबू पाने का प्रयास किया जा रहा है। लेकिन संशाधनों की कमी और गर्मी अधिक होने के कारण आग बुझाने में दिक्कतें आ रही हैं। (एजेंसी)

बदरीनाथ में कोतवाली पुलिस ने शुरू किया काम

चमोली : बदरीनाथ में पूजा पाठ के बाद पुलिस कोतवाली ने भी शनिवार से काम करना शुरू कर दिया है। शीतकाल में बदरीनाथ के कपाट बंद होने पर बदरीनाथ स्थित कोतवाली भी शिफ्ट हो जाती है। अब जब 12 मई को खुल रहे है। जिसके लिए चमोली पुलिस ने अपनी तैयारियां तेज कर दी है। इससे पहले पुलिस कर्मियों ने कोतवाली परिसर में श्रमदान किया।

निकाय चुनावों की तैयारी में जुटी कांग्रेस

नई टिहरी : आगामी निकाय चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। जिसके तहत जिले की दो नगर पालिका और तीन नगर पंचायतों में चुनाव के लिए कांग्रेस ने प्रभारियों की नियुक्ति की है। जिलाध्यक्ष राकेश राणा ने बताया कि लोकसभा चुनाव की मतगणना के बाद कभी भी निकाय चुनावों की प्रक्रिया शुरू हो सकती है। ऐसे में चुनाव के मध्यनजर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को विभिन्न निकाय क्षेत्रों के प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी है। जिसमें नगर पालिका चंबा में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य देवेंद्र नौडियाल, नई टिहरी में प्रदेश सचिव मुशर्रफ अली, नगर पंचायत लंबगांव में पीसीसी सदस्य सब्बल सिंह राणा, चमियाला में मुरारी लाल खंडवाल और नगर पंचायत घनसाली में प्रदेश महामंत्री विजय सिंह गुनसोला को प्रभारी बनाया गया है। उन्होंने सभी प्रभारियों से अपील की है कि वह अपने क्षेत्र में जाकर कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से बैठक कर अलग-अलग कैटेगरी में तीन-तीन नामों के पैनल तैयार करेंगे। इसकी रिपोर्ट एक सप्ताह के भीतर देनी होगी। उन्होंने प्रभारियों से स्थानीय जन समुदाय के साथ भी बैठक करने को कहा है। (एजेंसी)

स्टांग रूम के निरीक्षण के बाद जताया संतोष

नई टिहरी : लोकसभा चुनाव के मतदान संपन्न होने के बाद राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों ने उप जिला निर्वाचन अधिकारी एडीएम केके मिश्रा की मौजूदगी में आईटीआई में बने स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया।

यहां पर रखी ईवीएम व वीवीपेट की सुरक्षा का जायजा लेते हुए संतोष व्यक्त किया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा के लिए लिहाज से की व्यवस्थाओं, थ्री लेयर सिक्योरिटी, विद्युत व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं पर राजनैतिक दलों ने संतोष जाहिर किया।

निरीक्षण में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राकेश राणा, एसडीएम संदीप कुमार, भाजपा के जयेंद्र सिंह पंवार और बसपा के सचिव सुशील कुमार पांडे मौजूद रहे। (एजेंसी)

चोरों ने किया गहनों पर हाथ साफ

नई टिहरी : घनसाली में दो लोगों ने एक ज्वेलर्स की दुकान से दिन दहाड़े करीब साढ़े चार लाख के गहनों पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित दुकानदार ने शनिवार को घटना की रिपोर्ट थाना घनसाली में दर्ज कराई है। पुलिस ने दुकान में लगे सीसीटीवी के आधार पर मामले में छानबीन में जुट गई है। घनसाली में ज्वेलर्स की दुकान चलाने वाले व्यापारी कुंदन सिंह चांदपुरी ने थाना में उनकी दुकान में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस को दी तहरीर में व्यापारी ने बताया कि बीते 2 मई को एक युवक और युवती उनकी दुकान में गहने खरीदने आए और उन्हें गहने दिखाने को कहा। इसी दौरान जब वह गहने निकालने के लिए नीचे झुके तो युवक-युवती ने काउंटर पर रखे गहने के डिब्बे पर हाथ साफ कर दिया। इसके बाद युवक-युवती बिना कुछ खरीदे ही दुकान से चले गए। लेकिन जब शाम को उन्होंने काउंटर पर पूरी ज्वेलरी चेक की, तो एक डिब्बा मंगलसूत्र का गायब मिला। इसके बाद सीसीटीवी खंगालने पर दोनों युवक-युवती डिब्बा चुराते हुए देखे गए। थानाध्यक्ष संजीव थपलियाल ने बताया कि, दुकान स्वामी ने करीब साढ़े चार लाख के मंगलसूत्र चुराने की तहरीर दर्ज कराई है। सीसीटीवी के आधार पर दोनों आरोपियों के बारे मे जानकारी जुटाई जा रही है। शीघ्र ही मामले का खुलासा कर चोरों को पकड़ लिया जाएगा। (एजेंसी)

पुलिस कर्मियों का किया सम्मान

चमोली : पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार ने अपने कार्यालय में शनिवार को बैठक में बदरीनाथ और हेमकुंड की यात्रा में जुटे पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों से फीड बैक लिया।

आयोजित बैठक में पुलिस अधीक्षक ने फायर सीजन के संबध में हर स्थिति में तैयार रहने और वन विभाग से समन्वय बनाये रखने के भी निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने ड्यूटी के दौरान सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया।

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र का जन्म 12.05.2012 को राजकीय संयुक्त चिकित्सालय कोटद्वार में हुआ है। मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में उसका नाम शिवम डबराल दर्ज है। मैं अपने पुत्र का नाम परिवर्तन कर सूर्यांश डबराल करना चाहता हूं। अतः मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र उसका नाम शिवम डबराल के स्थान पर सूर्यांश डबराल अंकित कर जन्म प्रमाण पत्र निर्गत किया जाय।

सुनील डबराल पुत्र लक्ष्मी कान्त डबराल निवासी बालासौड़, पोस्ट बालासौड़, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।

(1340/21)

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री का जन्म दिनांक 16.06.2010 को राजकीय संयुक्त चिकित्सालय कोटद्वार गढ़वाल में हुआ है। मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में भूलवश उसका नाम डिम्पी व मेरा नाम मीना देवी व पिताजी का नाम दिवाकर देवली दर्ज हो गया है। जबकि मेरी पुत्री का सही व वास्तविक नाम दीपिका व मेरा नाम मीना देअली व पिताजी का नाम दिवाकर दत्त है, जो कि हमारे आधार कार्ड में दर्ज है। अतः मेरी पुत्री के जन्मा प्रमाण पत्र में उसका सही व वास्तविक नाम दीपिका व मेरा नाम मीना देअली व पिताजी का नाम दिवाकर दत्त दर्ज कर जन्म प्रमाण पत्र निर्गत किया जाय।

मीना देअली पत्नी दिवाकर दत्त निवासी ग्राम व पोस्ट निम्बूचौड़, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।

(1339/21)

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

निविदा सूचना

वरिष्ठ मण्डल संकेत एवं दूरसंचार अभि0/उत्तर रेलवे, मुरादाबाद, कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्यों के लिए खुली निविदा ई-टेंडरिंग प्रणाली के माध्यम से आमन्त्रित करते हैं।

सं0	निविदा संख्या और कार्य का विवरण	लगभग लागत रुपये	अग्रिम धन रुपये	निविदा फॉर्म की लागत रु.	निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए अंतिम तिथि और समय
1	2	3	4	5	6
1	10RT-SNT-SIG-AUGMENTATION ऑग्मेंटेशन एंड ऑग्मेंटेशन ऑफ डाटा लोगर सिस्टम्स ओवर मुरादाबाद डिवीज़न	24809585.55	274100.00	Nil	31.05.2024 15:00 hrs.
2	02-SNT-Datalogger-23-24 कोम्प्रेहेंसिव ऑफ एनुअल मेंटेनेंस कॉन्ट्रैक्ट ऑफ डाटा लोगर (Efftronic make) फॉर थ्री ईयर ओवर मुरादाबाद डिवीज़न	41054491.23	355300.00	Nil	31.05.2024 15:00 hrs.
3	05RT03-SIG-SNT-MB-2022-23 कोम्प्रेहेंसिव एनुअल मेंटेनेंस कॉन्ट्रैक्ट ऑफ HBL मेक इंटीग्रेटेड पॉवर सप्लाई सिस्टम ओवर मुरादाबाद डिवीज़न फॉर थ्री ईयर	50268230.46	401400.00	Nil	31.05.2024 15:00 hrs.
4	25-Sig-SNT-MB-UFSBI-AMC23 कोम्प्रेहेंसिव एनुअल मेंटेनेंस कॉन्ट्रैक्ट ऑफ UFS BI सिस्टम ऑफ daltron मेक installed आल ओवर मुरादाबाद डिवीज़न फॉर थ्री ईयर	31349691.90	306800.00	Nil	31.05.2024 15:00 hrs.
5	Rahimabad-RGM-TM-SNT-MB प्रोविजन ऑफ RGM/ट्रैक मशीन साइडिंग एट रहीमाबाद ऑफ मुरादाबाद डिवीज़न (अंडर अम्ब्रेला वर्क 2021-22 ट्रैक रिन्यूअल)	8910893.67	178200.00	Nil	31.05.2024 15:00 hrs.

नोटः- निविदा के पूरा विवरण www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा सूचना 10RT2-02-Data logger-05-HBL-25-UFSBI-Rahimabad-SIG-SNT-MB दि0 03.05.2024 1356/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

एक नजर

डेंगू रोकथाम को लेकर बैठक सात मई को

जयन्त प्रतिनिधि।

रूद्रप्रयाग : आगामी माहों में डेंगू रोग के प्रसारित होने की संभावना को देखते हुए डेंगू रोकथाम किए जाने हेतु मंगलवार (07 मई) को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में बैठक आयोजित की गई है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एचसीएस मार्तोलिया ने बताया कि डेंगू रोग राज्य में एक प्रमुख जन स्वास्थ्य समस्या के रूप में परिलक्षित हो रहा है। उन्होंने कहा कि माह जुलाई से नवंबर तक का समय डेंगू वायरस के संक्रमण के लिए अनुकूल होता है। इसलिए डेंगू रोग के प्रसारित होने की संभावना को देखते हुए डेंगू रोग रोकथाम हेतु 07 मई (मंगलवार) को सायं 3 बजे मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में डेंगू अंतर्विभागीय बैठक आयोजित की गई है। उन्होंने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों से निर्धारित तिथि व समय पर बैठक में प्रतिभाग करने की अपील की है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी का जिला भ्रमण आठ मई से

जयन्त प्रतिनिधि।

रूद्रप्रयाग : जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तराखंड डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम 8 से 10 मई, 2024 तक जनपद भ्रमण पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्य निवाचन अधिकारी उत्तराखंड 8 मई को अपराह्न 12:30 बजे जनपद रुद्रप्रयाग पहुंचेंगे। इसके पश्चात् दोपहर 1 बजे जनपद के संबंधित अधिकारियों के साथ स्ट्रांग रूम एवं मतगणना केंद्र का निरीक्षण करने के बाद मतगणना तैयारियों की समीक्षा बैठक करेंगे। शायं 4 बजे रुद्रप्रयाग से गौरीकुंड के लिए प्रस्थान करेंगे। 9 मई को प्रातः 5 बजे गौरीकुंड से प्रस्थान कर 10 बजे श्री केदारनाथ धाम पहुंचेंगे तथा रात्रि विश्राम यहीं करेंगे। अगले दिन श्री केदारनाथ धाम से गोपेश्वर हेतु प्रस्थान करेंगे।

साहित्यकार रवांल्टा बाल साहित्य सम्मान से होगें सम्मानित

नई टिहरी : रंवाई घाटी के साहित्यकार महावीर रवांल्टा को त्रैमासिक पत्रिका ह्यबालप्रहरीह्न एवं बाल साहित्य संस्थान अल्मोड़ा द्वारा बाल साहित्य सम्मान-2024 से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान उन्हें मानिला (अल्मोड़ा) में 8 से10 जून को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय बाल साहित्य संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह में प्रदान किया जाएगा। रवांल्टा को यह सम्मान उनके बाल कहानी संग्रह ह्यजुगनू की पढ़ाईह्न के लिए दिया जा रहा है। 10 मई सन 1966 ई को रवांई घाटी के सुदूरवर्ती क्षेत्र सरनौल गांव में जन्मे महावीर रवांल्टा साहित्य की विभिन्न विधाओं में 41 पुस्तकें लिख चुके हैं। बच्चों के लिए लेखन के साथ ही अनेक नाटक का मंचन भी किया। जिनमें सत्यवादी हरिश्चन्द्र, अहिल्या उद्धार, श्रवण कुमार, मौत का कारण, अधूरा आदमी, जीतू बगड्वाल, साजिश, ननकू नहीं रहा शामिल हैं।

बोर्ड के परीक्षा परिणामों का किया विश्लेषण

नई टिहरी : राजकीय माध्यमिक तथा उच्च माध्यमिक विद्यालयों के संस्था अध्यक्षों की एक बैठक शनिवार को जिला मुख्यालय के एक निजी होटल में आयोजित की गई। जिसमें निदेशक माध्यमिक शिक्षा महावीर सिंह बिष्ट ने जनपद के शैक्षणिक के वीडियों पर चर्चा की। मुख्य रूप से बैठक में उत्तराखंड परिषदीय परीक्षा के परिणाम का विश्लेषण भी किया गया। विश्लेषण में जिन विद्यालयों का रिजल्ट उत्तम रहा उन संस्था के अध्यक्षों की सराहना कर इसी तरह से काम करने को प्रेरित किया गया। (एजेंसी)

गंगनहर पार करते हुए डूबा युवक

हरिद्वार। कनखल क्षेत्र में शनिवार को कनखल निवासी एक युवक गंगनहर में डूब गया। जल पुलिस के सर्च ऑपरेशन में युवक का अता पता नहीं चल सका। घटना प्रेमनगर आश्रम पुल से कुछ दूरी पर घटित हुई। प्रभारी निरीक्षक भावना कैंथोला ने बताया कि घटना तीन बजे करीब घटित हुई। बताया कि युवक ऋषभ असवाल 32 वर्ष पुत्र निवासी न्यु विष्णु गार्डन गंगनहर पार कर रहा था। उसने प्रेमनगर पुल के दूसरे छोर से गंगनहर पार करना शुरू किया था लेकिन दूसरे छोर पर पहुंचते ही उसने चीखना चिल्लाना शुरू किया।

तीर्थाटन के साथ बढ़ने लगा रिवर राफ्टिंग का रोमांच

जयन्त प्रतिनिधि।

चमोली : चमोली जिले में अलकनंदा नदी की लहरों पर साहसिक खेलों के शौकीन पर्यटक रिवर राफ्टिंग का आनंद उठा रहे है। तीर्थाटन के साथ साहसिक पर्यटन के लिए जिला प्रशासन द्वारा देवलीबगड़ से कालदूबगड तक अलकनंदा नदी में करीब 05 किलोमीटर दायरे में राफ्टिंग कराई जा रहा है। गर्मी बढ़ते ही राफ्टिंग के रोमांच के लिए शैलानी यहां पहुंचने लगे है और अलकनंदा की लहरों पर राफ्टिंग का आनंद ले रहे है। जिला पर्यटन अधिकारी बृजेन्द्र पांडेय ने बताया कि अलकनंदा नदी पर देवलीबगड़ से कालदूबगड़ तक पांच किलोमीटर के पैच में राफ्ट व्यवसायियों के माध्यम से राफ्टिंग संचालित की जा रही है। पर्यटन विभाग

की ओर से पूर्व में रिवर राफ्टिंग के लिए प्रशिक्षण के साथ फर्मों को लाइसेंस दिया गया है। राफ्टिंग के दोनों प्वाइंट पर राफ्टिंग डेक का निर्माण के साथ राफ्ट व्यवसायियों को हर संभव सहयोग भी प्रदान किया जा रहा है।

विषय विकार करते हैं भक्ति मार्ग को अवरुद्ध:विजय कौशल

देहरादून। हिन्दू नेशनल इंटर कॉलेज लक्ष्मण चौक में चल रही श्री राम कथा के सातवें दिन शनिवार को संत प्रवर विजय कौशल महाराज ने कहा भक्ति पाने के लिए बहुत सारी कठिनाइयों से होकर गुजरना पड़ता है। उन्होंने कहा भक्ति मार्ग पर विषय विकार बाधक बनकर मार्ग अवरूद्ध कर देते हैं। श्री राम कथा समिति के तत्वाधान में आयोजित श्री राम कथा में संत प्रवर विजय कौशल महाराज ने कहा भगवान भी कई प्रकार से परीक्षा लेते हैं। जो इन परीक्षाओं पर विजय प्राप्त कर लेता है वही भगवान की शरण तक पहुंच पाता है। उन्होंने कहा हनुमान को भी सीता रूपी भक्ति को पाने के लिए मार्ग पर आने वाले कई अवरोधों का सामना करके सीता तक पहुंचने में सफल हो पाए। कार्यक्रम का संचालन करते हुए महामंत्री गोविंद मोहन ने कहा रविवार को कथा विश्राम लेगी।

कांग्रेस ने डेंगू के बढ़ते खतरे को लेकर नगर निगम को आगाह किया

देहरादून। कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को नगर आयुक्त से मुलाकात कर शहर में डेंगू के बढ़ते खतरे को लेकर आगाह किया। कहा कि स्टार्ट सिटी के आधे–अधूरे कार्यों की वजह से जगह–जगह पानी एकठ्ठा हो रहा है। पानी की लाइनों में लीकेज और नालियां चोक होने से भी डेंगू के मच्छर पनपने का खतरा पैदा हो गया है। उन्होंने इससे निपटने के लिए कदम उठाने की मांग की। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने नगर आयुक्त से शिकायत की कि शहर में अभी तक फागिंग की व्यवस्था नहीं बन पाई है। वार्डों में फागिंग करने टीमें नहीं आ रही हैं। आगे बारिश होने पर स्थिति और बिगड़ सकती है और डेंगू का खतरा और बढ़ जाएगा। पूर्व महानगर अध्यक्ष लालचंद शर्मा की अगुवाई में नगर आयुक्त को शिकायत करने पहुंचे कांग्रेसियों ने कहा कि वार्डों में रखे डस्टबिन हटा दिए हैं, ऐसे में सड़कों पर कूड़ा बिखरा पड़ा है। घरों तक से कूड़ा उठान की व्यवस्था ठीक नहीं है। साथ ही स्ट्रीट लाइटें खराब होने पर ठीक नहीं करने की शिकायत भी की। पूर्व विधायक राजकुमार ने अतिक्रमण के नाम पर बस्तियों उत्पीड़न बंद करने की मांग की। उन्होंने कहा कि 1992 से जो हाउस टैक्स बस्तियों पर लगा हुआ है, उसे फिर से शुरू किया जाए। उन्होंने अंडरग्राउंड कूड़ेदानों को फिर से शुरू करने की मांग भी की। ज्ञापन देने वालों में दीप बोहरा, आनन्द त्यागी,सोम वाल्मीकि, सुरेश कुमार, गुल मोहम्मद, अनुराग गुप्ता अन्य मौजूद रहे।

युवक ने फांसी लगाकर जान दी

हरिद्वार। ज्वालापुर पीठ बाजार में बीते शुक्रवार की रात को एक युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। युवक जागरण में बतौर कलाकार काम करता था। कुछ महीने पहले ही उसकी शादी हुई थी। शुरुआती जांच में सामने आया है कि गृह क्लेश के चलते उसने आत्महत्या की है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। पुलिस के मुताबिक, लोधामंडी क्षेत्र में एक युवक के फांसी लगाकर खुदकुशी करने की सूचना मिली। जिस पर एसएसआई राजेश बिष्ट मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी जुटाई। फांसी लगाने वाले युवक की पहचान अमन पुत्र संजय लोधामंडी ज्वालापुर के रूप में हुई। पता चला कि कुछ महीने पहले ही अमन की शादी हुई थी।

एक साल में निजी स्कूलों में आरटीई की 11 347 सीटें घटी

देहरादून। कमजोर और अपवंचित वर्ग के छात्रों को निजी विद्यालयों में बेहतर और निशुल्क शिक्षा देने के मंसूबों पर मुख्य शिक्षा अधिकारी (आरटीई नियंत्रक प्राधिकारी) पलीता लगा रहे हैं।

पिछले वर्ष के मुकाबले इस वर्ष निजी स्कूलों में शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) की घटी 11, 347 सीटें इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। प्रदेश में सबसे अधिक सीटें, हरिद्वार, देहरादून और उधम सिंह नगर जनपदों में हैं।

यहां निजी स्कूलों की संख्या भी सर्वाधिक हैं और आरटीई सीटें भी सबसे अधिक हैं। लेकिन कुल निजी विद्यालयों में से करीब पचास प्रतिशत विद्यालयों ने ही आरटीई के लिए आवेदन किया। ऐसे में जनपदों के मुख्य शिक्षा अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी और ब्लाक शिक्षा अधिकारियों ने अपने स्तर पर स्कूलों को आरटीई के दायरे में लाने के लिए न प्रेरित किया और न समय पर कोई मानिटरिंग की। प्रदेश का शिक्षा विभाग प्रतिवर्ष आरटीई के तहत प्रवेश के लिए पूरा प्रारूप जारी करता है। सबसे पहले निजी स्कूलों को आरटीई पोर्टल पर आवेदन करना होता है कि वह विद्यालय आरटीई के दायरे में आता है। आवेदन के पात्र वही विद्यालय होंगे जिन्हें मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय से मान्यता का प्रमाण पत्र प्राप्त होगा। विद्यालय को कुल छात्र संख्या का 25 प्रतिशत सीटों पर आरटीई के तहत प्रवेश देना अनिवार्य है। ऐसे में जब विद्यालय को मान्यता का प्रमाण पत्र ही प्राप्त नहीं हुआ तो विभाग ऐसे निजी स्कूलों पर कार्रवाई भी नहीं कर सकते हैं।

शिक्षकों की मांगों के अनुरुप जीओ जारी करने की मांग

देहरादून। राजकीय शिक्षक संघ की आवश्यक बैठक शनिवार को राइका नालापानी में आहूत की गई। जिसमें राजकीय शिक्षकों की 35 सूत्रीय मांगों पर चर्चा परिचर्चा कर राज्य सरकार से सम्बंधित मांगों पर शीघ्र जीओ जारी करने की मांग की गई। बैठक में जनपद व ब्लॉक कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने हिस्सा लेकर शिक्षकों की मांगों को लेकर सरकार का ध्यान आकृष्ट करने का निर्णय लिया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए अध्यक्ष कुलदीप कंडारी ने कहा कि शिक्षकों की मांगों के प्रति सरकार का उदासीन रवैया निंदनीय है। बैठक में वर्तमान में विज्ञापित प्रधानाचार्य सीमित भर्ती को निरस्त कर उक्त पदों पर 100 फीसदी पदोन्नति करने, सहायक अध्यापक से प्रवक्ता व प्रधानाध्यापक के पदों पर पदोन्नति करने, पुरानी पेंशन का लाभ देने, चयन–प्रोन्नत वेतनमान पर जीओ के अनुरुप वृद्धि करने, पदोन्नति व स्थानान्तरण में काउंसलिंग की व्यवस्था करने, अटल विद्यालयों के शिक्षकों को समान लाभ देने की मांग की गई। बैठक में तय किया गया कि आगामी 17 मई को राजीव गांधी नवोदय विद्यालय में सेवानिवृत्ति समारोह होगा। जिसके लिए समिति बनाई जाएगी।

डीएम ने दिए बकायेदारों से राजस्व वसूली के निर्देश

देहरादून। जिलाधिकारी सोनिका द्वारा सम्बन्धित उप जिलाधिकारियों को अपने–अपने क्षेत्रान्तर्गत बकायेदारों से राजस्व वसूली के निर्देश दिए गए है।

जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में आज तहसील सदर अन्तर्गत उप जिलाधिकारी सदर हरिगिरि एवं तहसीलदार सदर मौ शादाब के नेतृत्व में वसूली अभियान चलाया गया। अभियान इस दौरान उक्त बकायेदारों की धरपककड़ करते हुए छापेमारी की गयी। सभी की सम्पत्ति कुर्क की गयी है, जिसे बेचकर सरकारी धन की वसूली की जायेगी। छापेमारी के दौरान लगभग 40 लाख रुपये वसूले गये। खनन, रेरा, स्टाम्प, सिक्का, सरकारी बैंक आदि के बकायेदारों के विरूद्ध राजस्व वसूली का अभियान चलाया गया।बकायेदारों में प्रदीप अग्रवाल खनन देयक 15 करोड, ललित कुमार पुत्र किशोरी लाल निवासी बालावाला 2 करोड़, निधि शर्मा पत्नी

नवनीत शर्मा एक करोड़ 16 लाख, लक्ष्मी कंस्ट्रक्शन सेवला खुर्द एक करोड़ 36 लाख, भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी समिति बल्लूपुर 28 लाख, नीतीश पँवार पुत्र दिलबाग सिंह सेनेटरी स्टोर हरिद्वारबायपास, शिव देव मार्या व्यासा इंफ्रा एक करोड़ 38 लाख, महेंद्र सिंह बिष्ट माजरा 22 लाख, नरेंद्र बलूनी जीआर रियलकॉन एक करोड़ 50 लाख, सचिन त्यागी आर्यन अपार्टमेंट 1 करोड़, सूरज सिंह नेगी पुत्र केसर सिंह नेगी निवासी केसरवाला 80 लाख, सिक्का 07 करोड़ रूपये, राजस्व वसूली की जानी है।टीम में नरेश डोरा संग्रह अमीन, सहजराम यादव संग्रह अमीन, मिथुन वालिया संग्रह अमीन,दीपक भंडारी संग्रह अमीन,शुभम भंडारी तहवीलदार सम्मिलित रहे।

राज्यपाल गुरमीत सिंह ने किया स्पिक मैके द्वारा आयोजित मोहिनीअट्टम कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रतिभाग

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शनिवार को राजभवन ऑडिटोरियम में स्पिक मैके द्वारा आयोजित मोहिनीअट्टम कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में केरल की प्रसिद्ध मोहिनीअट्टम नृत्यांगना डॉ. मीना प्रसाद एवं उनके संगीतकार साथियों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दी।

इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि भारतीय कला और संस्कृति की विरासत को संरक्षित करना बहुत ज़रूरी है, क्योंकि हमारी यह विरासत ही देश की पहचान और गौरव को बनाए रखती है। उन्होंने कहा कि कला के ज़रिए लोग अपने पूर्वजों से जुड़ाव महसूस करते हैं और उनकी कलात्मक उपलब्धियों से प्रेरित भी होते हैं।

राज्यपाल ने कहा कि भारतीय

शास्त्रीय धरोहर में, संगीत, नृत्य, नाट्य, वास्तु, स्थापत्य और हर एक शास्त्रीय कला में एक समृद्ध विरासत देखने को मिलती है और ये हमारे पूर्वजों की सोच को बताते हैं, उनके महान विचारों का ज्ञान कराते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय शास्त्रीय धरोहरों में ऐसी अनगिनत कलाएं हैं जिनमें रहस्य, रोमांच, दिव्य आनंद और जीवन की गहन विद्याएं छिपी हुई हैं।

राज्यपाल ने कहा कि युवाओं के बीच भारतीय शास्त्रीय संगीत को बढ़ावा देने वाली सोसायटी स्पिक मैके ने 47 साल की बहुत ही कम अवधि में एक लंबा सफर तय किया है और पूरे देश में सराहनीय काम किया है।

इस अवसर पर सचिव राज्यपाल रविनाथ रामन, अपर सचिव राज्यपाल स्वाति एस भदौरिया, वित्त नियंत्रक राज्यपाल डॉ. तृप्ति श्रीवास्तव, स्पिक मैके संस्था के पदाधिकारीगण, राजभवन के अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिजन सहित गणमान्य लोग एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

लोकेंद्र कुमार बने रोडवेज यूनियन के अध्यक्ष

हरिद्वार। उत्तराखंड रोडवेज इम्पलाइज यूनियन हरिद्वार शाखा के शनिवार को हुए वार्षिक चुनाव में सर्वसम्मति से लोकेंद्र कुमार को अध्यक्ष चुना गया। साथ ही रफल सिंह और कुलदीप सिंह को उपाध्यक्ष, चंद्र बीर को शाखा मंत्री, यतेंद्र कुमार और शिव वीर को संयुक्त मंत्री, शीशपाल को संगठन मंत्री और संजीव कुमार को कोषाध्यक्ष चुना गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने शासन से निगम की बसों की संख्या बढ़ाने की मांग की।

शाखा के वार्षिक चुनाव में सर्वसम्मति से कार्यकारिणी का गठन हुआ। चुनाव अधिकारी राकेश तोमर, क्षेत्रीय अध्यक्ष बालेश कुमार, मंत्री हरि सिंह, प्रदेश महामंत्री रविनंदन कुमार के नेतृत्व में चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव में लेखा परीक्षक अमित पचौरी, प्रचार मंत्री कर्ण सिंह, कार्यालय सचिव सुहैल खान को चुना गया। क्षेत्रीय प्रतिनिधि तेज बीर सैनी और यशपाल सिंह ने प्रांतीय सदस्य के रूप में चरण सिंह, विनोद कुमार को मनोनित किया।

मनुष्य अपनी सोच को श्रेष्ठ बनाकर जीवन में हर तरह की परिस्थिति का सामना कर सकता है: बीके शिवानी

देहरादून। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की प्रमुख वक्ता राजयोगिनी शिवानी ने कहा कि मनुष्य अपनी सोच को श्रेष्ठ बनाकर जीवन में हर तरह की परिस्थिति का सामना कर सकता है। वह शनिवार को देहरादून सेवा केंद्र की ओर से रेसकोर्स बन्नू स्कूल में आयोजित कार्यकम में बोल रहीं थीं। उन्हें सुनने के लिए बड़ी संख्या में अनुयायी पहुंचे थे।

रेसकोर्स बन्नू स्कूल में ब्रह्मकुमारी राजयोग ट्रस्ट ने जीवन की चुनौतियों का समाधान विषय की विवेचना कार्यक्रम का आयोजन किया। उद्घाटन राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी मंजू, राजयोगिनी मीना, कैंट विधायक सविता कपूर, एफआरआई निदेशक डॉ. रेनू सिंह, निवर्तमान मेयर सुनील उनियाल गामा, इंदर सिंह, सार्थक वोहरा ने दीप प्रज्जवलन कर किया। राजयोगिनी शिवानी ने करीब ढाई घंटे तक अपना सम्बोधन सरल व मधुर वाणी में किया। इस दौरान सभा में अनूठी शांति व्याप्त रही। उन्होंने कहा कि जीवन में आने वाली परिस्थितियों का सामना हम अपनी सोच को श्रेष्ठ बनाकर कर सकते हैं। परिस्थितियां एक अंधेरे के समान हैं उस अंधेरे को दूर कोई दीया नही करेगा, वो दीया हमे खुद को बनाना होगा। हमें लेने वाला नहीं देने वाला बनना होगा। तभी हम देव संस्कृति को प्रत्यक्ष कर सकेंगे। उन्होंने आगे कहा कि संकल्प से सृष्टि बनती है, सृष्टि से संकल्प नहीं, इसलिए हमें पहले अपने अंदर स्वर्ग लाना है, फिर अपने घर में, फिर समाज में, ऐसा करते करते पूरा संसार ही स्वर्ग बन जायेगा।

चारधाम यात्रा हेतु 8 मई से ऋषिकेश और हरिद्वार में शुरू होंगे ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन

देहरादून। चारधाम यात्रा के लिए ऑनलाइन के बाद अब ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन भी कराए जा सकेंगे। शनिवार को पर्यटन विभाग ने आठ मई से ऋषिकेश और हरिद्वार में ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन की सुविधा शुरू करने का निर्णय किया।

पर्यटन सचिव सचिन कुर्वे के अनुसार श्रद्धालु हरिद्वार में राही मोटल तथा ऋषिकेश में यात्रा पंजीकरण कार्यालय एवं ट्रांजिट कैम्प में यात्री अपना ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। प्रत्येक धाम के लिए प्रतिदिन ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन की सीमा ऋषिकेश में एक हजार और हरिद्वार में 500 निर्धारित की गयी है। श्रद्धालु चारों धामों की यात्रा के लिए पंजीकरण काउन्टरों पर अधिकतम तीन दिन के लिए रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं।इसके साथ ही तीर्थ पुरोहितों के साथ समन्वय के लिए अहम फैसला किया गया है। पर्यटन विभाग और तीर्थ पुरोहित महापंचायत के पुरोहित के साथ बैठक में चारों धाम में समन्वय के लिए तीर्थ पुरोहित तय किए गए हैं। हर धाम में दो तीर्थ पुरोहित को इसके लिए चुना गया है।

यमुनोत्री धाम से पुरूषोत्तम उनियाल,अनिरूद्ध उनियाल, गंगोत्री धाम से रजनीकांत सेमवाल, निखिलेश सेमवाल, केदारनाथ धाम से संतोष त्रिवेदी, पंकज शुक्ला को जिम्मेदारी दी गई है। जबकि बदरीनाथ धाम से बृजेश सती व प्रवीन ध्यानी को चुना गया है।

तीर्थ पुरोहित धामों के यात्रा प्रबन्धन की वास्तविक स्थिति से पर्यटन विभाग को समय पर अवगत करवाते रहेंगे। साथ ही श्रद्धालुओं हेतु अतिरिक्त सुविधाओं के लिए विभाग को अपने सुझाव भी देंगे। पयर्टन सचिव ने कहा कि तीर्थपुरोहित और पर्यटन विभाग के समन्वय से यात्रा के दौरान आने वाली समस्याओं को शीघ्रता से हल करने में सुविधा होगी। साथ ही भविष्य के लिए बेहतर योजना तैयार करने में सहायता मिलेगी।

स्कूली बच्चों को दी साइबर कानून की जानकारी

हरिद्वार। भारतीय जागरूकता समिति ने पुलिस और एआरटीओ के साथ संयुक्त रूप से शनिवार को विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया। जिसमें स्कूली बच्चों को ड्रग्स, ट्रैफिक और साइबर कानून के बारे में बताया गया। बच्चों को समय रहते अपराध की सूचना पुलिस के टोल फ्री नंबर 1090 और 112 पर देने और साइबर अपराध से बचने के लिए फेसबुक, यूट्यूब और अन्य सोशल वेबसाइट को पब्लिक न कर प्राइवेट करने के लिए भी जागरूक किया गया। डीएवी जगजीतपुर में आयोजित शिविर में हाई कोर्ट के अधिवक्ता और समिति के अध्यक्ष ललित मिगलानी, एआरटीओ टैक्स वरुण सैनी, चौकी इंचार्ज चरण सिंह, एसआई पवन नौटियाल, गगन मैठाणी, पूर्व चेयरमैन चाइल्ड वेलफेयर कमिटी विनोद कुमार, कार्यक्रम सचिव दीपाली शर्मा, एडवोकेट दीपा उपाध्याय ने बच्चों को जागरूक किया। शिविर में मनोज कुमार कपिल, शिवानी गौर, रश्मि बलोनी, शरद कांत कपिल, दीपशिखा शर्मा, अनीता, वरुण शर्मा आदि मौजूद रहे।

कंपनी के सीईओ ने जीएसटी, ईपीएफ के 30 लाख हड़पे

देहरादून। देहरादून की एक कंपनी के सीईओ ने जीएसटी, ईपीएफ, ईएसआई के नाम पर करीब 30 लाख का गबन कर लिया। पुलिस ने कंपनी मालिक की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। क्लेमेनटाउन थानाध्यक्ष दीपक धारीवाल के अनुसार सलभ सिंह ने तहरीर दी कि उनकी देहरादून में एनालॉग सिक्योरिटी एंड अलाइड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड नाम से एक कंपनी है। इसमें अवधेश रतूड़ी सीईओ और वित्त अधिकारी जैसे जिम्मेदार पदों पर तैनात थे। आरोप लगाया कि रतूड़ी ने जीएसटी, ईपीएफ, ईएसआई के रूप में कर्मचारियों और उपभोक्ताओं को दी जाने वाली रकम में से 25–30 लाख रुपये हड़प लिए। उसने अवैध तरीके से कंपनी के खाते से अपने और सगे संबंधियों के खातों में रकम डाली।

बाद में रतूड़ी ने शपथ पत्र देकर रकम वापस करने की बात कही थी, लेकिन रुपये नहीं लौटाए। रतूड़ी ने जो चैक दिए वो भी बाउंस निकले। आरोप लगाया अवधेश के पिता राकेश रतूड़ी और चाचा राजेश रतूड़ी से भी उनकी इस बाबत बात हुई, लेकिन उन्होंने भी उन्हें धोखा दिया। उन्होंने बताया कि अवधेश की चाची रेखा भी कंपनी में डायरेक्टर हैं, वो भी इस षड़यंत्र में शामिल हैं। धारीवाल ने बताया कि मामले में चारों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर दिया गया है।

रजवाहे में गौवंश के अवशेष मिलने पर हंगामा

हरिद्वार। एक रजवाहे में शनिवार को गौवंश के अवशेष मिलने पर हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा काटा। पुलिस ने उन्हें शांत कराकर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।पुलिस को शनिवार दोपहर में सूचना मिली कि रोहालकी में डिग्री कालेज के पास रजवाहे में गौवंश के अवशेष मिले हैं। बाजार चौकी प्रभारी प्रदीप राठौर मौके पर पहुंच गए। इधर, हिंदू संगठन के नेता भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने क्षेत्र में गौकशी का आरोप लगाकर हंगामा खड़ा कर दिया। पुलिस ने पशु चिकित्सक को मौके पर बुलाकर अवशेष से सैंपल भरवाए।। पुलिस ने हिंदू संगठन के नेताओं को समझा–बुझाकर शांत किया।

5 लाख 96 हजार की नकदी और 29 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

हरिद्वार। जिले की एएनटीएफ और श्यामपुर थाने की पुलिस ने 5 लाख 96 हजार की नकदी और 29 ग्राम स्मैक के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपित शिवा उर्फ लड्डू बरेली से स्मैक तस्करी कर आसपास के इलाकों में बेचता था।

एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने बताया कि मुखबिर से अहम सूचना मिलने के बाद एएनटीएफ और श्यामपुर थाने की पुलिस टीम ने ग्राम कांगडी में एक व्यक्ति शिवा उर्फ लड्डू निवासी ग्राम कांगडी थाना श्यामपुर जनपद हरिद्वार उम्र 28 वर्ष को स्मैक की तस्करी करते हुए गिरफ्तार कर लिया।उससे कुल 29 ग्राम स्मैक और स्मैक खरीदने व बेचने के लिये कुल 5,96,050 रुपये नगद धनराशि बरामद की गई। बरामद स्मैक की कीमत 8 लाख 22 हजार रुपए है। पूछताछ में जिन लोगों के नाम सामने

आए हैं, उनकी जानकारी जुटा जा रही है, जल्द ही और गिरफ्तारियां होंगी।

9.36 ग्राम स्मैक के साथ एक तस्कर गिरफ्तार, मुकदमा दर्ज

रुद्रपुर में रोडवेज के आसपास घूमने वाली महिला से स्मैक लेकर बेचने के लिए मोदी मैदान जा रहा युवक को पुलिस ने गंगापुर रोड पर गिरफ्तार किया है। उसके पास से 9.36 ग्राम स्मैक बरामद हुई है। बाद में पुलिस ने उस पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।

थानाध्यक्ष ट्रांजिट कैंप भारत सिंह ने बताया कि शुक्रवार रात एसआइ गणेश पांडेय पुलिस कर्मियों के साथ गश्त पर थे। इस दौरान टीम शिवनगर किच्छा रोड होते हुए गंगापुर रोड की ओर गई। जहां शैल भवन गेट के पास एक युवक बिजली के पोल के नीचे खड़ा था। यह देख पुलिस कर्मियों ने उसे आवाज लगाई तो वह भागने लगा। इस पर पुलिस कर्मियों ने उसका पीछा कर दबोच लिया।

पुलिस पूछताछ में उसने अपना नाम वार्ड नंबर सात आजादनगर ट्रांजिट कैंप निवासी सुमित वर्मा पुत्र राजेश वर्मा बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से करीब 9.36 ग्राम स्मैक और 600 रुपये बरामद हुए। थानाध्यक्ष भारत सिंह ने बताया कि सुमित वर्मा से पूछताछ में उसने बताया कि वह नशा करता है और अपना खर्चा निकालने के लिए स्मैक बेचने का काम करता है। बताया कि स्मैक वह रोडवेज के पास घूमने वाली मौसी से लेकर आया है।

वर्दी की धौंस दिखाकर दुकानदार से रुपए लेने वाला सिपाही निलंबित

देहरादून। वर्दी की धौंस दिखाकर एक सिपाही ने दुकानदार से 49 हजार रुपये अपने खाते में आनलाइन ट्रांसफर करवा दिए।

सिपाही ने कैश देने की बात कही थी, लेकिन बाद में रुपये देने से इनकार कर दिया। मामला जब एसएसपी के पास पहुंचा तो उन्होंने तत्काल आरोपित सिपाही के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के निर्देश जारी किए। साथ ही सिपाही को निलंबित भी कर दिया है। पुलिस को दी तहरीर में दुकानदार अमित यादव, निवासी चंदन नगर रेस्ट कैंप ने बताया कि पुलिस लाइन में तैनात सिपाही जौनी सिंह दो मई को उनकी दुकान पर आया और मोबाइल पर बुजुर्ग महिला की फोटो दिखाकर कहा कि यह उसकी सास है, जिसकी तबीयत बहुत खराब है।

आरोपित ने कहा कि सास के इलाज के लिए उसे रुपये चाहिए। आरोपित ने दुकानदार से कहा कि मुझे आनलाइन रुपये ट्रांसफर करो मैं तुम्हें कैश दूंगा। विश्वास करते हुए दुकानदार ने आरोपित सिपाही के खाते में 49 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद आरोपित ने कैश देने से इनकार कर दिया। दुकानदार ने बताया कि रुपये वापस करने के बजाए आरोपित सिपाही वर्दी का रौब झाड़ता रहा। परेशान होकर उन्होंने पुलिस कंट्रोल रूम में फोन किया, जिसके बाद शहर कोतवाल केसी भट्ट मौके पर पहुंचे और सिपाही जौनी सिंह को अपने साथ ले गए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने बताया कि जांच के बाद आरोपित सिपाही के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com